सुविचार

*व्यक्ति को कभी भी मौके का इंतजार नहीं करना चाहिए, क्योंकि जो आज है वो ही सबसे बड़ा मौका है।*

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech

RNI.NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 7, अंक-13 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 06 मई 2022 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 3 रुपये

Mother's Basket
Kitchen Herbs & Spices
Swad jo pahuche dil tak

## समीक्षा और परिक्षा



ऐ शोषित समाज अपने
बुजुर्गो के जीवन की
समीक्षा तो कीजिए ?
संविधान बन जाने के
बाद तुम्हें क्या मिला
परीक्षा तो दीजिए ?
वर्ण व्यवस्था ने क्या
हालत बनाई थी ?
जीते जी शोषितों को
खुन के आंसू,रुलाई थी
उस समय के अन्याय
अत्याचार को सहने वाले
बड़े बुजुर्गो के दर्द
को याद तो कीजिए ?
ऐ शोषित समाज
अपने बुजुर्गो के पीड़ा
का अहसास तो कीजिए
संविधान से तुम्हें क्या
मिला उसकी
परीक्षा तो दीजिए
वंचितों को
शिक्षा और समानता
का अधिकार नहीं था
शोषित इंसान बने?
यह शोषकों को
स्वीकार नहीं था
शुद्ध अन्न खाने का ?
स्वच्छ वस्त्र पहनने का ?
उंचे मकान बनाने का ?
जुते पगडी धारण करने का?
राहो पर साथ गुजरने का ?
सवर्णों पर शुद्रो की
परछाई पडने का?
एक घाट एक बाट
पर चलने का?
स्वाभिमान से जीने का ?
कुंओ से पानी पीने का?
पीड़ितों को अधिकार नहीं था
सामंतो की सेवा करने का
जुठे अन्न फटे वस्त्र
शोषण सहना विरोध ना करना
शोषितों का कर्तव्य था
याद करके उन लम्हों को
अपने अपमान का
तुलना कीजिए
ऐ शोषित समाज
अपने बुजुर्गो के जीवन
का समीक्षा कीजिए
संविधान बन जाने के
बाद तुम्हें क्या मिला
परीक्षा तो दीजिए
याद कीजिए उन
सामाजिक क्रांति के
जन नायको को
तुम आज इस काबिल
जिनके बदौलत बने हो
खुन तुम्हारा खौल जायेगा
उन व्यवस्थाओं पर
जिनके तुम गुलाम बने हो
इन्ही मनुवादी व्यवस्था के
परिवर्तन का सपना
हमारे महापुरुषों ने देखा था
इन्ही आडंबर पाखंड
ऊंच-नीच भेदभाव को
उन्होंने उखाड़ फेका था
जिस रुढ़िवादी परंपरा
के आज हम शिकार हैं
यहीं हम सबके मनोविकार है
संविधान ने तुम्हें
इस लायक बनाया है
अफसोस तुम सबने
उन्ही आडंबरो को अपनाया है
अपने बुजुर्गो के दर्द
का अहसास तो कीजिए
ऐ शोषित समाज
अपने बुजुर्गो के जीवन
की समीक्षा तो कीजिए
संविधान बन जाने के
बाद तुम्हें क्या मिला
परीक्षा तो दीजिए

-हरीश पांडल
विचार क्रांति

# जिला अधिवक्ता संघ नर्मदापुरम द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया






**बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।** जिला अधिवक्ता संघ नर्मदापुरम द्वारा आज स्थानांतरित नवीन न्यायाधीशो एवं चयनित सिविल न्यायधीशों एवं अधिवक्ता प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षुता और एल.एल. बी. लास्ट वर्ष के छात्रों को 15 दिवसीय इन्टरशिप पूर्ण होने पर प्रमाण प्रदान किये गए। जिला कलेक्टर श्री नीरज सिंह , प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश श्री आलोक अवस्थी जी एवं पुलिस जिला अधीक्षक श्री गुरकरन द्वारा नव चयिनित सिविल न्यायधीशों को स्मृति चिन्ह द्वारा सम्मानित किया गया। एवं इसके बाद प्रशिक्षण में आए अधिवक्ता को मुख्य न्यायाधीश द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री के. के. थापक द्वारा एलएलबी अंतिम वर्ष के छात्रों को 15 दिवसीय मूट-कोर्ट प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रमाण पत्र दिए गए। इस कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ से अध्यक्ष केके थापक,सचिव श्री मनोज कुमार जराठे, सह सचिव कुँवर सिंह चौहान,उपाध्यक्ष श्री अखिलेश मिश्रा, ग्रंथपाल श्रीप्रकाश दुबे,कोषाध्यक्ष श्री अभिषेक तिवारी जी,कार्यकारणी सदस्यों में श्री रितेश विश्वकर्मा, श्री विजेंद्र राजपूत, श्री सीके कुरापा, श्री राजेश चौरे, श्रीमती क्षमा चौहान, श्रीमती पूजा अवस्थी एवं नव चयनित सिविल जज वर्ग 2 न्यायधीशों में सुश्री गौरी सक्सेना, सुश्री श्रेया गख्खर, सुश्री श्रेता रघुवंशी, श्रीमती सुरभि कटकवार एवं सुश्री प्रियम सेन आदि अधिवक्ता एवं एल एल बी अंतिम वर्ष के छात्र/छात्राओं सहित शासकीय नर्मदा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. श्री ओ. एन चौबे भी उपस्थित रहे।

## जानिए क्या है मध्यप्रदेश अन्नपूर्णा योजना और किसे मिलता है इसका लाभ-

*मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्नपूर्णा योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लघु,सीमांत कृषक जो विपुल उत्पादन देने वाली खाद्यन फसलों की उन्नत किस्मों के बीज क्रय(खरीद) करने में असमर्थ होते है। ऐसे उपर्युक्त वर्ग कृषकों को उन्नत बीज उपलब्ध कराना जिसे उत्पादकता एवं उत्पादन बढ़ाकर उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए यह योजना लागू की गई है।*

***योजना के अंतर्गत क्या लाभ होता है जानिए-*** *कृषक द्वारा दिये गए अलाभकारी फसलों के बीज के बदले 1 हैक्टर की सीमा तक खाद्यन फसलों की उन्नत और संकर बीज प्रदान करना। प्रदान बीज पर 75? अनुदान की पात्रता होती है अर्थात अधिकतम 1500 रुपये,अगर कृषक के पास बीज नहीं है तब योजना के तहत बीज उपलब्ध करवाए जाएंगे।*

***योजना के लाभ के लिए कहाँ संपर्क करे-*** *यह योजना सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में लागू है इसके लिए किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग में कृषि अधिकारी से संपर्क करे।*

***लेखक बीआर अहिरवार***

# सड़क पर तेज गति से वाहन चलाने वाले के खिलाफ क्या कार्यवाही होगी जानिए/Motor Vehicles Act,1988...।



भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 279 यह स्पष्ट करती है कि कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक मार्ग पर तेज गति से वाहन चलाता है जिसे किसी व्यक्ति को खतरा उत्पन्न होने मात्र की संभावना हो तब वह व्यक्ति उपर्युक्त धारा के अंतर्गत दोषी होगा अर्थात कोई भी व्यक्ति किसी भी वाहन को सार्वजनिक सड़क पर तेज नहीं दौडा सकता है। अगर वह ऐसा करता है तब उसे अधिकतम छः माह की कारावास या एक हजार रुपये जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है। हम कह सकते हैं की भारतीय दण्ड संहिता के अनुसार यह एक गंभीर अपराध होता है पुलिस थाना अधिकारी ऐसे व्यक्ति पर उपर्युक्त धारा के अंतर्गत तुरंत एफआईआर दर्ज करेगी। विशेष विधि अर्थात मोटर यान अधिनियम,1988 के अनुसार भी ऐसे व्यक्ति को दण्डित किया जाता हैं पढ़िए।

**मोटर यान अधिनियम,1988 की 183 के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान-** जो कोई व्यक्ति सरकार द्वारा बनाए गति-सीमा नियमो का उल्लंघन करता है अर्थात तेज गति से वाहन चलाता है तब -

हल्के वाहन होने पर अधिकतम दो हजार रुपये का जुर्माना।

वाहन यात्रियों का हो, माल भरा हो तब अधिकतम चार हजार रुपए जुर्माना होगा।

अगर कोई व्यक्ति दुवारा फिर गति सीमा से अधिक वाहन चलाता है तब अधिनियम की धारा 183 की उपधारा (iii) के अनुसार मोटर यान लाइसेंस निरस्त या परिबद्ध कर लिया जाएगा।?

**विशेष नोट-** भारतीय दण्ड संहिता एवं मोटर यान अधिनियम के अंतर्गत सजा एवं दण्ड अलग अलग होगा अर्थात IPC के अंतर्गत एक हजार रुपए का जुर्माना लगा है एवं मोटर यान अधिनियम के अंतर्गत चार हजार का तब एक हजार एवं चार हजार कुल पाँच हजार रुपये का जुर्माना लगेगा।

**लेखक बीआर अहिरवार(पत्रकार एवं विधि छात्र नर्मदापुरम)**
**9827737665**

# शपथ पत्र देने से मना करना कब अपराध होता है जानिए/IPC.....



हम अक्सर देखते हैं कि बहुत से ऐसे कार्यालय या कोई विभाग होता है वहाँ पर शपथ या प्रतिज्ञा पत्र मांगा जाता है, कभी कभी पुलिस अधिकारी द्वारा भी शपथ पत्र पर साइन करवाएं जाते हैं। अगर कोई व्यक्ति शपथ पत्र या प्रतिज्ञा पत्र देने से लोकसेवक या शासकीय सेवक को माना करता है तब वह किस धारा के अंतर्गत अपराधी होगा, जानते हैं इसका जवाब।

**भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 178 की परिभाषा-** अगर कोई व्यक्ति किसी शासकीय अधिकारी जो वैध रूप से शपथ लेने के लिए प्राधिकृत हैं या कोई लोकसेवक(सरपंच, नगर पालिका अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, सांसद आदि भी) जो वैध शपथ लेने या प्रतिज्ञा लेने के लिए प्राधिकृत हैं। तब व्यक्ति शपथ पत्र देने या प्रतिज्ञा देने से इनकार करता है यह उपर्युक्त धारा के अंतर्गत दोषी होगा।

**विशेष नोट-** पुलिस अधिकारी द्वारा जबर्दस्ती या सक्ष्यो से जबर्दस्ती प्रतिज्ञा या शपथ लेना वैध नहीं है इसके लिए व्यक्ति दोषी नहीं होगा।

**भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 178 के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान-** यह अपराध किसी भी प्रकार से समझौता योग्य नहीं है यह असंज्ञेय एवं जमानतीय अपराध होगे, इस अपराध की सुनवाई किसी भी मजिस्ट्रेट द्वारा की जा सकती है एवं पुलिस अधिकारी ऐसे अपराध में एफआईआर दर्ज नहीं कर सकते हैं।

**सजा-** इस अपराध के लिए अधिकतम छ: माह की सादा कारावास या एक हजार रुपये जुर्माना या दोनो से दण्डित किया जा सकता है।

**लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान(महिला सामाजिक कार्यकर्ता अलीगढ़ उत्तर प्रदेश)**

# कांग्रेस वचन पत्र 2023 में शहीद मनीराम अहिरवार को राष्ट्रीय सम्मान व स्मारक की मांग को लेकर सामाजिक संगठनों की बैठक





**जिला नरसिंहपुर/चीचली।** शहीदों की नगरी के नाम से प्रसिद्ध चीचली में विभिन्न जातियों, संगठनों की आवश्यक बैठक अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी के सुपौत्र मूलचन्द मेधोनिया की अध्यक्षता में की गई। जिसमें अनुसूचित जाति, जनजाति वर्गो के और पिछड़े वर्ग सहित मुस्लिम समाज के संगठनों के सम्मानित पदाधिकारीगण उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि चीचली जिला नरसिंहपुर मै जन्मे वीर मनीराम अहिरवार जी ने सन 19 42 के स्वतंत्रता आंदोलन में महात्मा गांधी के आवाहन पर आजादी की लड़ाई में अंग्रेजी सेना से युद्ध लडा और उन्हें परास्त कर गांव से खदेड़ दिया था ।जिनके अविस्मरणीय योगदान होते हुए उन्हें प्रदेश एवं देश के आजादी के इतिहास में शामिल नहीं किया गया है। क्योंकि उस समय वीर मनीराम अहिरवार जी के परिजनों को लेकर कांग्रेस के नेताओं के द्रारा पहल करनी थी। जो कि बड़ी भूल की है, यह मांग आज न सिर्फ परिवार जन की अपितु अनेकों सामाजिक नागरिकों की आवाज बन गई है। अन्य वर्ग के लोगों ने उनका नाम जातिगत आधार पर प्रस्तावित नहीं किया है। जो अब राजनैतिक दलों के बीच मुद्दा बन गया है। बहरहाल कांग्रेस के लिए वचन पत्र में शामिल करने की पुरजोर मांग की गई है। वीर शहीद मनीराम अहिरवार जी ने गोंड राजा चीचली के राजमहल की धरोहर के लिए अंग्रेजों से बचाने के लिए संघर्ष किया। युद्ध के दौरान वीर मंशाराम जसाटी और वीरांगना गौरादेवी वीर मनीराम अहिरवार के युद्ध में बलिदान हुए। अनेक लोग गिरफ्तार हुए। अमर शहीद वीर मनीराम को गुलामी व बेगारी प्रथा के लिए अंग्रेजों ने जीवित गिरफ्तार कर अपनी गुप्त जेल में प्रताड़ित कर सजा ए मौत दी थी। सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कांग्रेस की सरकार बनने के लिये उनके वचन पत्र 2023 हेतु निम्न बिन्दुओं को शामिल करने का सुझाव दिया है। (1) अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी को राष्ट्रीय शहीद का सम्मान प्रदेश व देश में दिया जाये।

## पाषाण तोड़ राह बनाता

मैं भी मजदूर था,
ईमानदारी का प्रतीक था।
भोर से शाम तूफानों में
खेलता,
फरेवियो से पंगा लेता।
शोषितों का कागद था,
ईमानदारी का प्रतीक था।
मैं भी मजदूर था।
मेहनत करता,
खून बहाता।
दो जून की रोटी कमाता था।
ईमानदारी का प्रतीक था।
मैं भी मजदूर था।
तूफानों में दीप जलाता,
पाषाण तोड़ राह बनाता।
शूलो पर सुमन बिछाता था।
लवईमानदारी का प्रतीक था।
मैं भी मजदूर था।
त्रमैं गैरतदार,
प्रतिशोध से दूर।
हर दिल अजीज था्
ईमानदारी का प्रतीक था
आसमान की छत के नीचे,
विश्राम करता था।
नंगे पैर, चिलचिलाती धूप,
वंदन को सेकता था।
ईमानदारी का प्रतीक था।
मैं भी मजदूर था।



अंशु कवि
नारायण
मासाब
नर्मदा पुरम
1म ई श्रमिक
दिवस पर
विशेष

# यदि 50% की सीमा आरक्षण के लिए अनिवार्य है तो ईडब्ल्यूएस को क्यों दिया जा रहा है आरक्षणः महेन्द्र सिंह

**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार**
**भोपाल**



**भोपाल।** कांग्रेस पार्टी पिछड़ा वर्ग विभाग के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष महेंद्र सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया है कि यदि 50व की सीमा आरक्षण के लिए अनिवार्य है तो ईडब्ल्यूएस को क्यों दिया जा रहा है,क्योंकि ई डब्लू एस का आरक्षण भी 50वकी सीमा को क्रॉस करता है। ओबीसी ओबीसी के चयनित शिक्षक विगत डेढ़ माह से धरना प्रदर्शन और क्रमिक भूख हड़ताल कर रहे हैं किंतु भारतीय जनता पार्टी की पत्थर दिल सरकार के कोई मंत्री और मुख्यमंत्री उनसे मिलने तक को तैयार नहीं है।भाजपा के ये वही लोग हैं जो पिछड़े वर्ग के हितैषी होने में दम भरने का कोई मौका नहीं छोड़ते। न्यायालय में ओबीसी के आरक्षण के विरोध में अनेकों याचिकाएं लंबित हैं जिनमें चतुर्थ श्रेणी से लेकर प्रथम वर्ग तक के सभी कर्मचारियों का वर्ग बार (ओबीसी एससी एसटी और सामान्य वर्ग का) संख्यात्मक डाटा प्रस्तुत होना है किंतु जानबूझकर विगत वर्ष भाजपा सरकार डाटा प्रस्तुत नहीं कर रही है।ओबीसी वर्ग के लोग धार्मिक भावनाओं में बहकर भारतीय जनता पार्टी का समर्थन करते हैं उन्हें यह देखना चाहिए कि शिक्षक पात्रता परीक्षा में चयनित होने के बाद भी सरकार उनके योग्य युवाओं को नियुक्ति न देकर उनके साथ किस प्रकार उपेक्षा पूर्ण बर्ताव कर रही है। ओबीसी वर्ग को भाजपा का साथ छोड़कर यदि अपनें युवाओं के भाविष्य की चिंता करनी चाहिए।तथा प्रदेश ब्यापी धरना आंदोलन कर चयनित शिक्षको की नियुक्ति हेतु सरकार को बाध्य करना चाहिए।

## भगवान परशुराम भवन बनेगा राजेंद्रग्राम में विधायक पुष्पराजगढ़ फुन्देलाल ने की 5 लाख देने की घोषणा




**अनूपपुर।** अक्षय तृतीया भगवान परशुराम जी के अवतरण दिवस के अवसर पर पुष्पराजगढ़ विधायक जिला कांग्रेस के अध्यक्ष फुन्देलाल सिंह मार्को के द्वारा अपने विधायक निधि से 5 लाख रुपए राजेंद्रग्राम में भगवान परशुराम भवन बनाने के लिए देने की घोषणा की।उन्होंने जिला आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष चैतन्य मिश्रा से बात करते हुए यह घोषणा की। विधायक जी ने कहा कि अमरकंटक पर्यटन स्थल है राजेंद्रग्राम में भगवान परशुराम भवन बन जाने से एक और जहां समाज के कार्यों में उसका उपयोग होगा वही सामूहिक उपनयन संस्कार, सामूहिक कन्या विवाह, नर्मदा परिक्रमा में आए हुए साधु संतों को ठहरने की व्यवस्था आदि में परशुराम भवन का उपयोग किया जा सकेगा।भगवान परशुराम के नाम से परशुराम भवन बनने की घोषणा से जिले के ब्राह्मण समाज के द्वारा विधायक जी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। ब्राह्मण समाज ने कहा कि पुष्पराजगढ़ विधायक हमेशा सर्व धर्म समाज की उन्नति एवं एवं प्रगति की सोच रखते है। उन्होंने विधायक जी को आशीर्वाद दिया कि वह उत्तरोत्तर आगे बढ़े एवं जनता की सेवा में अपने आप को समर्पित कर दें।जिला कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अनूपपुर प्रेम कुमार त्रिपाठी जी ने जिले में पहला परशुराम भवन विधायक जी की पहल से राजेंद्रग्राम में बनाए जाने का स्वागत करते हुए कहां की अमरकंटक यात्रा में आए हुए विप्र बंधुओं को रुकने ठहरने की सुविधाजनक स्थल प्राप्त हो जाएगा।निश्चित ही विधायक जी की यह पहल प्रेरणादायक है।विधायक पुष्पराजगढ़ फुन्देलाल सिंह मार्को के द्वारा भगवान परशुराम के नाम से भवन बनाए जाने पर उपस्थित लोगों ने स्वागत किया है एवं विधायक जी को धन्यवाद ज्ञापित किया है।जिसमें प्रमुख रुप से पुष्पराजगढ़ जनपद उपाध्यक्ष कांग्रेस पार्टी के जिला कार्यवाहक अध्यक्ष संतोष पांडे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद शर्मा, आशीष त्रिपाठी,जिला आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा, विनोद पांडे, विद्याधर पांडे,ब्रजभूषण शुक्ला, रामनारायण द्विवेदी, एडवोकेट चंद्रभूषण त्रिपाठी,दिनेश मिश्रा, सुजीत मिश्रा, बाबूलाल पाठक, मनोज द्विवेदी, राकेश शर्मा,सीता शरण मिश्रा, कमलेश द्विवेदी, राकेश गौतम, किशन मिश्रा, शशांक मिश्रा, कन्हैया लाल मिश्रा,अजय मिश्रा,मुकेश मिश्रा, अमित शुक्ला,राजेश शुक्ला,रामजी मिश्रा,धर्मेंद्र कांत मिश्रा, प्रदीप मिश्रा कोतमा, संदीप गर्ग,आदि लोगो नै बधाई दी।

## कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत रैली का आयोजन किया।



**नर्मदापुरम।** आज से कॉलेज चलो अभियान के क्रियान्वन के तहत शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम मे एक रैली का आयोजन किया गया ,जिसमे विद्यार्थी गण के साथ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे, डॉ एस के उदयपुरे , डॉ बी एल राय, डॉ एस के दिवाकर, आरती रावत, रेणुका ठाकुर, आरती सिंह, नितिन सोनी, और शाहिद खान शामिल हुए।इस अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में उपलब्ध परंपरागत कोर्सेज, व्यावसायिक शिक्षा, खेल कूद सुविधाओं, युवा के व्यक्तित्व निर्माण और रोज़गार स्व रोज़गार आदि का प्रचार और प्रसार किया जाता है।नगर और आसपास के हायर सेकेण्डरी स्कूल मे इस सब की जानकारी उपलब्ध करवाई जा रही है।ताकि प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी अपने विषय के चुनाव में सुविधा पा सके।

## मजदूर वर्ग ही देश की रीढ़ है : अतरसिंह भारतीय

ज्ञातव्य हो कि मजदूर दिवस के अवसर पर दिनांक 01 मई 2022 को बाड़ी ब्लॉक के ग्राम नयागांव, जिला रायसेन मध्यप्रदेश में मजदूर एकता संगठन के बैनर तले मजदूरों के अधिकारों एवं शासकीय योजनाओं से भागीदारी के तारतम्य में सामाजिक संस्था एक्शनएड एसोसिएशन भोपाल के वर्कर्स फैसिलिटेशन सेंटर बाड़ी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मजदूरों को फूल मालाओं से सम्मानित किया गया। आयोजन में उपस्थित ग्राम पंचायत सचिव ने शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए मजदूर वर्ग की हर संभव मदद करने का वादा किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पोथीराम लोधी, परमसुख रघुवंशी, ओमवती सिसोदिया, गोपाल सिंह दिवाकर, शिवम, मंगू भैया आदि तथा महिलाओं की उपस्थिति सराहनीय रही। सिलवानी ब्लॉक से अतरसिंह भारतीय ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मजदूर देश की रीढ़ है। शोषण नहीं होना चाहिए। क्षेत्र के समस्त मजदूरों को मजदूर एकता संगठन के रूप में एकजुट होकर दृढ़ता पूर्वक, तटस्थ होकर अपने अधिकारों के लिए लड़ना चाहिए और शासन द्वारा संचालित योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ लेना चाहिए। श्री भारतीय ने जोर देकर कहा कि महिलाओं और मजदूरों को संगठित हो कर अन्याय, अत्याचार एवं शोषण के खिलाफ उनको खुद आगे आकर लड़ना चाहिए। सरकार, सामाजिक संस्थाएं और कार्यकर्ता गण भी हर संभव मदद करेंगे।







### सोनहत क्षेत्र की एक और मांग हुई पूरी, काचरडाँड़ से मधोरा तक बनेगी पक्की सड़क

# विधायक गुलाब कमरो ने दिलाई लगभग 5 किमी सड़क के लिए दिलाई 4 करोड़ 87 लाख की स्वीकृति

**कोरिया।** विधायक गुलाब कमरो के द्वारा सोनहत क्षेत्र को लगातार सौगात पर सौगात दी जा रही है, वर्षो से बहुप्रतीक्षित मांगों को स्वीकृति मिल रही है,विकास कार्यो के अनुक्रम में एक बार फिर से बहुप्रतीक्षित सड़क काचरडाँड़ से मधोरा तक लगभग 5 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य के लिए 4 करोड़ 87 लाख रुपये की राशि की स्वीकृति दिलाकर विधायक गुलाब कमरो ने क्षेत्र को बड़ी सौगात दिया है। उक्त सड़क की मांग पूर्व सरकार में पिछले 15 सालों से रही लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नही दिया, लेकिन विधायक गुलाब कमरो ने क्षेत्र की मांगों को गम्भीरता पूर्वक ध्यान में रखते हुए सभी मांगों को एक एक करके पूरा करने का कार्य कर रहे है।

### सड़क बनने से कई ग्रामो को होगा लाभ

उक्त सड़क के बनने से घुघरा कटगोड़ीकाचरडाँड़ से मधोरा ,बसवाहि सोनारी, मझारटोला के लोगो को सीधा लाभ होगा, काचरडाँड़ वासियों के द्वारा लगातार सोसल मीडिया से लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी, खास कर बरसात के महीनों में इस सड़क में ज्यादा परेशानी होती थी लेकिन अब सड़क निर्माण हो जाने के बाद ग्रामीणों को आवागमन में भारी सुविधा होगी





**3 साल में कई बहुप्रतीक्षित सड़क की मिली सौगात:** विधायक गुलाब कमरो के द्वारा अपने 3 साल के कार्यकाल मे ही कई बहुप्रतीक्षित सड़क की सौगात दी गई जिसमें सोनारी बसवाहि केशगवां और सुंदरपुर पटेल पारा में सड़क निर्माण पूरा हो गया है, जबकि ग्राम कररी से पोड़ी ,और धनपुर की सड़क में अभी निर्माण कार्य जारी है, वही सोनहत के उरांव पारा कालेज मार्ग सहित कई सुगम सड़क का भी निर्माण पूरा हो चुका है

**स्थानीय ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने दिया धन्यवाद:** साविप्रा उपाध्यक्ष व विधायक गुलाब कमरो के प्रयासों से सोनहत क्षेत्र वासियों के बहुप्रतीक्षित मांग ग्राम काचरडाँड़ से मधोरा तक कुल 4.875 किलोमीटर पक्की सड़क निर्माण कार्य हेतु 487.77 लाख (4 करोड़ 87 लाख 73 हजार) की स्वीकृति पर जिला पंचायत सदस्य ज्योत्स्ना राजवाड़े, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिंह, राजन पाण्डेय अनितदुबे प्रेम सागर तिवारी अविनाश पाठक लव प्रताप सिंह प्रकाश चन्द्र साहू राम कुमार साहू ने विधायक गुलाब कमरो को धन्यवाद ज्ञापित किया है वही । विधायक गुलाब कमरो ने उक्त सड़क की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री श्री भुपेश बघेल, विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत ,लोक निर्माण मंत्री माननीय ताम्रध्वज साहू एवं सांसद ज्योत्स्ना चरण दास महंत जी का आभार जताते हुए साधुवाद दिया है।

# 26 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ युवक पकड़ाया

**कोरिया/चिरमिरी।** जिले के चिरमिरी थाना अंतर्गत अवैध महुआ शराब का परिवहन और बेचने के मामले में कार्यवाही करते हुए पुलिस ने एक युवक को 26 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि जिले में अवैध कारोबारियों सट्टा, शराब, जुआ, कबाड़ में अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर द्वारा निर्देश प्राप्त होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह एवं नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी के मार्गदर्शन में नगर निरीक्षक चिरमिरी के. के. शुक्ला द्वारा अवैध कारोबार में अंकुश लगाने एवं उचित कार्यवाही हेतु अलग अलग टीम रवाना किया गया था। इसी तारतम्य में प्रधान आरक्षक संदीप बागिस को मुखबिर से सूचना मिली कि वनस्पति ठाकुर उर्फ बंसी अपने मोटरसाइकिल स्प्लेंडर में महुआ शराब लेकर डोमनहिल से हल्दीबाड़ी की ओर आ रहा है।वनस्पति ठाकुर नाम का व्यक्ति जो आदतन शराब परिवहन कर बेचने का सक्रिय कार्य करता है,मुखबिर द्वारा सूचना मिलने पर तत्काल घेराबंदी कर



आरोपी वनस्पति ठाकुर उर्फ बंसी पिता स्वर्गीय मूरत ठाकुर उम्र 49 वर्ष निवासी कलसी दफाई हल्दीबाड़ी चिरमिरी जिला कोरिया को पकड़ लिया गया। आरोपी अपने मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर प्लस क्रमांक सीजी 16 सीजे 7056 में अवैध महुआ शराब 26 लीटर बिक्री हेतु परिवहन करते मिला। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। संपूर्ण कार्यवाही में आरक्षक शाहिद परवेज, संजय पाण्डेय, सैनिक रामजी गुप्ता ,रत्नेश का सराहनीय योगदान रहा।

# जिला स्तरीय विस्तारक बैठकों का आयोजन

**भोपाल।** जन आवाज मंच भोपाल मध्यप्रदेश के संगठन विस्तार को लेकर जिला स्तरीय विस्तारक बैठकों का आयोजन सम्पूर्ण प्रदेश में किया जा रहा है जिस क्रम में आज ग्वालियर संभाग के अशोकनगर जिले में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन जिला पंचायत के सभा कक्ष में किया गया जिसमें जिले के अनेकों योजनाओं के कर्मचारियों ने अपनी सहभागिता की बैठक में जन आवाज मंच प्रदेश कार्यालय की और से कार्यालय प्रभारी गोविंद सिंह लोधी शामिल हुए उन्होंने जन आवाज मंच के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज मध्यप्रदेश में व हर वर्ग के लोग अपनी समस्याओं से पीड़ित हैं जिनकी कोई सुनने को तैयार नहीं है मध्यप्रदेश के सभी योजनाओं व परियोजनाओं में कार्यरत कर्मचारी शोषण से ग्रषित हैं कोई ऐसा फोरम नहीं है जहाँ कर्मचारी अधिकारी अपनी व्यथा सुना सके हम आप सभी के साथ मिलकर जन आवाज मंच के माध्यम से सरकार तक कर्मचारियों की बात मजबूती से पहुचाकर सरकार का ध्यान आकर्षित करेंगे आज हम सभी को समस्याओं से निजात पाने के लिए सभी को जन आवाज मंच को मजबूत करने की आवश्यकता है अशोकनगर में की गई जन आवाज मंच की बैठक में सभी सक्रिय साथी शामिल हुए व उन्होंने अपने अपने विचार रखें संगठन विस्तार को लेकर जिला अध्यक्ष श्री सेवाराम कुशवाहा जी ने अपनी बात रखी उनके साथ में जिला मार्गदर्शक साथी मुकेश शिंदे जी,विनोद भारद्वाज, संदीप सिंह सचान, शिव प्रसाद सिंह, सौरभ कुमार जैन, आदि सभी साथी बैठक में उपस्थित हुए।अंत मे सभी साथियों का आभार व्यक्त किया।




# कालरी इंजीनियर पी.सी झा के द्वारा ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के एवज में कराया जा रहा क्षेत्राधिकार से बाहर की सड़क का निर्माण

**अनूपपुर/डोला।** कोलाचल नगरी राजनगर में सिविल इंजीनियर पी.सी झा के द्वारा अपने चहेते ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के एवज में ऐसे रोड का निर्माण कराया जा रहा जो कालरी के नक्शे में ही सड़क दर्ज नहीं है व एनएच 43 के द्वारा छोड़ी गई सड़क है ऐसे सड़क पर निर्माण कराना कहीं न कहीं कालरी प्रबंधक व उनके मठाधीश की सोची समझी रणनीति के साथ कराया जा रहा जिससे की एक अच्छी खासी मोटी रकम कमाई की जा सके जिस रोड में दिन भर में लगभग पैदल आवागमन करने वाले लोगों की संख्या 50 से 60 होती है लेकिन पी.सी झा के द्वारा अपने व अपने चहेते ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के एवज में उस रोड का निर्माण कराने के लिए कालरी महाप्रबंधक के सामने कागजी



कार्यवाही पेश की गई व निर्माण होने वाले स्थान का बिना सर्वे किए ही महाप्रबंधक द्वारा अनुमति भी दे दी गई वही लोग कहना है कि ऐसे रोड का निर्माण कराया जा रहा है जिस रोड में लोगों का आवागमन ही नहीं होता है। डोला क्षेत्र के आदिवासियों की पुकार आखिर कब मिलेगी गड्डा युक्त सड़क से मुक्ति डोला क्षेत्र के आदिवासियों ने बताया कि जिस रोड में आवागमन लगातार बना हुआ है व प्रतिदिन छोटे-बड़े वाहनों को मिलाकर हजारों वाहन का आवागमन रहता है उस रोड पर आखिर महाप्रबंधक व इंजीनियर झां की नजर क्यों नहीं पड़ी जिससे साफ जाहिर होता है कि इनके द्वारा खुद का व अपने चहेते ठेकेदार का लाभ देने के एवज में यह कार्य कराया जा रहा है जबकि हसदेव क्षेत्र की एकमात्र सड़क है जिसका पूर्णता उपयोग खोगापानी जीकेजी सबएरिया कुरजा सबएरिया बहेराबाध सबएरिया के द्वारा अपने कोयला परिवहन के लिए किया जाता है जिसमें दिन-रात कोयले से ओवर लोड वाहन का आवागमन बना रहता है जिससे वह सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है पिछले 15 वर्ष से किसी भी अधिकारी व कर्मचारी की नजर इस सड़क पर नहीं पड़ी यदि नजर पड़ी या खबरों के माध्यम से प्रकाशित किया गया तो जनता को सिर्फ गुमराह करने के लिए व अपना भ्रष्टाचार छुपाने के लिए 2 से 4 ट्रिप गिट्टी व मिट्टी के साथ ही कालरी से निकलने वाले सेल युक्त पत्थर को सड़क में बिछा कर अपने भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए चारागाह के रूप में उपयोग किया गया। जानकारों की माने तो कोल इंडिया में प्रसिद्ध अनन्या वाटिका का निर्माण डोला में सड़क के किनारे ही कराया गया है जहां पर प्रतिवर्ष कोल इंडिया के उच्च अधिकारियों का आवागमन भी बना रहता है जिनके आवागमन करने के लिए एकमात्र यही सड़क है।

## कोयला मजदूर



काले पत्थरों की खोह में
लिए जुगनू सी बत्तियां ।
धूल और धुआं से भरे
घड़ -घड़ पट्टे पर चलती है,
सांसों की डोरियां।
ऊपर स्याह चांदनी तना
दागते है जब बत्तियां,
टूटकर बिखर जाती हैं
कोयले की छतरियां ।
कांप उठता है रूह
हादसे से, कोयलें कि परतों में,
जब दब जाती हैं जिंदगियां।
द्वार है मौत का,
पर निगल नही पाती
रोज, लिए कृपाण खड़ी है
काली मां बनके पौरिया।
घुलती है जिंदगी,
नमक की ढ़ेली सी,
दहकते आग सी हंसती है,
लपटों में रोज।
तब कहीं जलतें हैं चूल्हे घरों की
और रोशन होती हैं बस्तियां।
काले हीरे की कोख से
जन्मा मजदूर ,
जिसके बाहे हैं मजबूत
माथे पर लिखा है मजदूर
और हाथ के लकीरों में
लिखी है मजबूरियां।
**-प्रकाश प्रियतम**

# रेलवे के दोहरे मापदंड से सभी परेशान नियमित ट्रेनों को रोककर स्पेशल ट्रेन चलाने में गुड्स ट्रेन आड़े नहीं आ रही

**अनूपपुर।** अधोसंरचना के नाम पर रेलवे नियमित ट्रेनों को रोक कर कोयले से भरी गुड्स ट्रेन को धड़ाधड़ चला रहा है।लेकिन वही रेलवे का दोहरा मापदंड लोगों की समझ में नहीं आ रहा।रेलवे अपनी कमाई के चक्कर में आए दिन कहीं ना कहीं से स्पेशल ट्रेन तमाम रेल मार्ग पर धड़ाधड़ चला रहा है उससे उसकी गुड्स ट्रेन जो कोयला भरी है वह प्रभावित नहीं हो रही।आम जनता को जानबूझकर रेलवे परेशान कर रही है।नियमित ट्रेन कोरोना कॉल के बाद प्रारंभ हुई लेकिन कोयला भरी मालगाड़ी के चलते कोयले की कमी बिजली की कमी बताकर नियमित ट्रेनों को एक-एक, डेढ़- डेढ़ माह के लिए रोक दिया जाता है लेकिन स्पेशल ट्रेन चलाने में कोयला एवं बिजली की कमी आड़े नहीं आ रही। एक तो शहडोल संसदीय क्षेत्र का दुर्भाग्य है कि यहां के लोगों को केंद्र में आवाज पहुंचाने वाला जनप्रतिनिधि कोई काम का नहीं मिला जिसके चलते शोषण पर शोषण होते चला जा रहा है।लेकिन लोग मौन धारण किए चुपचाप बैठे हुए



हैं।बिजुरी वालों ने निश्चित ही अपनी शक्ति का अच्छा प्रदर्शन किया हिम्मत किया नतीजा भी कुछ दिनों में आ जाएगा।लेकिन हमारी सांसद चुप्पी साधे बैठी है केवल दिल्ली जाती है मुलाकात करती है व्हाट्सएप ,इंस्टाग्राम में फोटो वायरल करती है और फिर कुछ नहीं करती जिसका नतीजा है कि आज तक कोई सुविधाएं नहीं मिल पाई। आज बिजुरी वालों पर जनता की मांग जनता की समस्या पर रेल रोकने पर आरपीएफ द्वारा प्रकरण बना दिया जा रहा है।लेकिन सांसद आरपीएफ पोस्ट तक नहीं गई कि क्यों प्रकरण बनाया जा रहा है।रेलवे अपनी हठधर्मिता छोड़ने को तैयार नहीं है और उसके खिलाफ आवाज बुलंद करो तो प्रकरण बना दिए जाते हैं यह कहां का न्याय है...?दोहरे मापदंड खुद रेलवे अपना रहा है लेकिन उसके दोहरे मापदंड पर कोई उंगली नहीं उठा रहा।सांसद है रेल मंत्री से सवाल करें कि जब कोयला और बिजली नहीं है नियमित ट्रेनों को बंद किया जा रहा है तो स्पेशल ट्रेन के लिए कोयला और बिजली कहां से आ रही है।लेकिन सांसद में इतना भी दम नहीं कि वह जनता के हित में जनता के पक्ष में सामने आ जाए।अब जनता आने वाले चुनाव में इसका सबक जरूर सिखाएगी वक्त का इंतजार करें।जिस तरीके से रेलवे शहडोल संसदीय क्षेत्र एवं सीआईसी रेल सेक्शन के लोगों का शोषण कर रहा है अच्छी खासी आमदनी वाली ट्रेनों को बंद कर रखा है और उच्च वर्ग को वह सुविधा देने के लिए एक्सप्रेस सुपरफास्ट ट्रेन चला रहा है लेकिन पैसेंजर ट्रेनों को जानबूझकर नहीं चला रहा।इसके लिए जरूरत है की लोगों को आगे आना पड़ेगा अन्यथा रेलवे शोषण पर शोषण करते जाएगी उसे केवल अपनी कमाई से मतलब है जनता के दुख दर्द से उसे कोई लेना देना नहीं। शहडोल संसदीय क्षेत्र के लोग नागपुर की ट्रेन स्वास्थ्य सुविधा के लिए मांगते मांगते थक गए।सुरेश प्रभु, पीयूष गोयल, अश्विनी वैष्णव लेकिन नागपुर की सुविधा शहडोल संसदीय क्षेत्र को नहीं मिली। एक रीवा वाले हैं जहां पर यह उक्ति चरितार्थ हो रही है बिन मांगे मोती मिले मांगे मिले ना भीख रीवा वालों ने कभी ट्रेन नहीं मांगी उन्हें इतवारी, मुंबई, सूरत के लिए ट्रेन मिल गई। हमारी सांसद 3 रेल मंत्री से पत्राचार कर चुकी लेकिन परिणाम कुछ नहीं ला पाई।लगता है हमारे सांसद का पत्र उनके आने के बाद डस्टबिन की शोभा बढ़ाता है तभी तो आज तक कोई सुविधा नहीं दिला सकी।सारनाथ एक्सप्रेस, रीवा बिलासपुर एक्सप्रेस उमरिया जैसे महत्वपूर्ण स्टेशन पर सांसद नहीं रुका पाई इससे बड़ी और क्या बात हो सकती है।भाजपा का नारा है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास लेकिन इस बार वह खरा नहीं उतर पा रही।

# ईद एवं परशुराम जयन्ती को दृष्टिगत रख शांति समिति की बैठक सम्पन्न

आगामी त्यौहार ईदुल फितर एवं परशुराम जयन्ती 3 मई को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के प्रशासकीय समिति की प्रधान श्रीमती रूपमती सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हर्षल पंचोली, अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक राजन, अनुविभागीय दण्डाधिकारी अनूपपुर श्री कमलेश




पुरी, अनुविभागीय दण्डाधिकारी कोतमा श्री मायाराम कोल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अनूपपुर श्री रामखेलावन राठौर, श्री जयप्रकाश अग्रवाल, श्री मनोज द्विवेदी, श्री आशुतोष त्रिपाठी, श्री जनक राठौर, शैलेन्द्र ताम्रकार, मो. रईस खान, मो. सलीम सदर, बाबा खान, लियाकत अली, मो.नजीर आदि जन उपस्थित थे। बैठक में ईदुल फितर एवं परशुराम जयन्ती को दृष्टिगत रखते हुए शांति एवं कानून व्यवस्था के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में जिले के सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को अपने-अपने नगरीय क्षेत्रों में साफ-सफाई एवं पेयजल की व्यवस्था कराए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में 3 मई को परशुराम जयन्ती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कानून व्यवस्था के संबंध में चर्चा करते हुए अधिकारियों को कलेक्टर ने निर्देश दिए। बताया गया कि परशुराम जयन्ती के अवसर पर जिला मुख्यालय अनूपपुर के बूढ़ी माई मन्दिर बस्ती पूजा स्थल से बाईक रैली निकाली जाएगी, जिसका समापन सामतपुर स्थित हनुमान मंदिर में होगा।

बिजुरी में 51 बच्चों का उपनयन संस्कार कार्यक्रम होगा, जिस हेतु सुरक्षा व्यवस्था तथा कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने जिले के अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को अपने स्तर से कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में नागरिकों से पूर्ण शालीनता एवं सद्भाव के साथ त्यौहारों को मनाए जाने की अपील बैठक के माध्यम से की गई।

# राजनगर में IPL सट्टा, हर मैच में बेखौफ लग रहे लाखों रुपए के दांव

## क्रिकेट सट्टा रोकना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती, सटोरियों के हौसले बुलंदी छू रहे



**अनूपपुर/राजनगर।** आईपीएल (IPL) चालू होते ही राजनगर में आगे-आगे IPL मैच में सट्टा लाफ़ रहा और खिलाने वाले के पीछे-पीछे पुलिस लग गयी है ऐसी स्थिति नजर आ रही है। आईपीएल प्रारंभ होते ही राजनगर में सट्टेबाजों की सक्रियता अपने चरम सीमा पर पहुंच जाती है। आईपीएल 26 मार्च से प्रारंभ हो गया है तथा इस दौरान नगर में IPL मैच में सट्टा को रोकने के लिए पुलिस विभाग का हर तबगा विफल होता नजर आ रहा है। बड़े सटोरियों पर कार्रवाई नहीं होने से नगर में सट्टा तेजी से चलता रहा है। नगर में आईपीएल के प्रत्येक मैच में लग रहे लाखों रुपयों के दांव इशारा कर रहे हैं कि आगे होने वाले मैचों में सट्टा और ज्यादा लगेगा, जिसे पूरी तरह से रोक पाना पुलिस विभाग के लिए बड़ी चुनौती होगी।

### मोबाइल से ही हो रहा है पूरा खेल

आईपीएल में लगाए जाने वाले दांव में मोबाइल से ही सारे काम होने से सटोरियों की चांदी हो गई है। जानकारी के अनुसार यदि किसी नए व्यक्ति को सट्टा में दांव लगाना है तो पहले उसे पूर्व से ही नियमित सट्टा खेलने वाले की सिफारिश होनी चाहिए, उसके बाद ही उसके नंबर को सेव रखा जाता है, जिसके बाद नया खिलाड़ी भी दांव लगा सकता है। बड़े से बड़ा दांव केवल एक फोन पर लगाया जाता है, परंतु कॉल रिकॉर्ड करने, टेप करने आदि की शंका पर सट्टा खिलाने वालों द्वारा किसी भी नए नंबर को रिसीव ही नहीं किया जाता है।

### प्रेमनगर, इंदिरा नगर, शांति नगर के जंगलों पर संचालित है जुआ

राजनगर क्षेत्र में एक तरफ जहां आईपीएल का सट्टा गली गली मोहल्ले मोहल्ले में चल रहा है वही 52 परियों का खेल नगर के कॉलोनियों में खेला जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक चौहान जी के घर खेला जा रहा है यह खेल। प्रेमनगर के बंद पड़े एसईसीएल के मकानों पर ताला बंद करके 52 परियों का खेल खेला जा रहा है जो थाना से महज 500 मीटर दूर स्थित है। इन एसईसीएल के मकानों पर पुलिस द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की जा रही है। आखिर राजनगर कब इन अवैध कारोबार पर अंकुश पाएगा यह चिंतन का विषय है।

# जिले के 2 मेधावी छात्रों ने 10 एवं 12 वीं की प्रदेश मेरिट सूची में नाम दर्ज करा जिले को किया गौरान्वित

## कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएँ








माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट 2021-22 के परीक्षा परिणाम शुक्रवार को घोषित किए गए। इस वर्ष जिले का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। हाईस्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम 73.97 और हायर सेकेण्डरी का बोर्ड परीक्षा परिणाम 81.49 प्रतिशत रहा। प्रदेश एवं शहडोल संभाग में अनूपपुर जिले ने 10 वीं एवं 12 वीं की परीक्षा में प्रदेश की सूची में आठवां और शहडोल संभाग में पहला स्थान बनाया है। हाईस्कूल परीक्षा की प्रदेश स्तरीय प्रावीण्य सूची में जिले के बेथेल मिशन हाईस्कूल अनूपपुर के छात्र श्री शौर्य सिंह साकेत पिता श्री समर सिंह साकेत ने 487 अंक अर्जित कर प्रावीण्य सूची में 10 वां स्थान हासिल किया है। इसी तरह हायर सेकेण्डरी परीक्षा में प्रदेश स्तरीय प्रावीण्य सूची में भारत ज्योति विद्यालय अनूपपुर के छात्र श्री चन्द्रप्रकाश पिता बालगोविन्द प्रजापति ने विज्ञान गणित समूह में 486 अंक अर्जित कर सूची में छठवां स्थान अर्जित करते हुए जिले को गौरान्वित किया है। उक्ताशय की जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी श्री तुलाराम आर्मो एवं सहायक परियोजना समन्वयक श्री देवेश सिंह बघेल ने दी है। उन्होंने बताया है कि हाईस्कूल की जिला स्तरीय मेरिट सूची में सरस्वती शिशु शिक्षा मंदिर जैतहरी के छात्र सुमित कुमार सोनी पिता श्री मनोज कुमार सोनी ने 485 अंक पाकर प्रथम स्थान तथा सरस्वती हाईस्कूल कोतमा की छात्रा आस्था सोनी पिता श्री नन्दकिशोर सोनी ने 481 अंक पाकर द्वितीय स्थान, भारत ज्योति विद्यालय अनूपपुर की छात्रा चन्द्रप्रभा प्रजापति पिता श्री बालगोविन्द प्रजापति ने 480 अंक पाकर तृतीय स्थान अर्जित किया है। अनूपपुर जिले के हायर सेकेण्डरी स्कूल मेरिट सूची अनुसार शा.उ.मा.वि. बालक जैतहरी की कला संकाय की छात्रा प्रतिभा गुप्ता पिता श्री पुरुषोत्तम दास गुप्ता ने 465 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, शा. उत्कृ. उ.मा.वि. अनूपपुर के कला संकाय की छात्रा अंजली पाण्डेय पिता श्री अरविन्द पाण्डेय ने 463 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. अनूपपुर साईंस (गणित विज्ञान) संकाय के रोहित कुमार साहू पिता श्री हेतराम साहू ने 481 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, सरस्वती उ.मा.वि. बिजुरी के साईंस (गणित विज्ञान) संकाय की छात्रा राधिका केवट पिता श्री प्रहलाद केवट ने 477 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, भारत ज्योति विद्यालय अनूपपुर के साईंस (गणित विज्ञान) संकाय की छात्रा नीतू पैकरा पिता श्री पुष्पक साय पैकरा ने 476 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान, शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. अनूपपुर के कॉमर्स संकाय के छात्र प्रियांशु अग्रवाल पिता श्री राकेश कुमार अग्रवाल ने 456 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. अनूपपुर के कॉमर्स संकाय के छात्र आदित्य गुप्ता पिता श्री प्रमोद गुप्ता ने 455 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर अमरकंटक के एग्रीकल्चर संकाय के छात्र श्री प्रीतम सिंह पिता श्री जलन सिंह ने 444 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, बेथेल मिशन स्कूल अनूपपुर के एग्रीकल्चर संकाय की छात्रा अलीफा मारूफ मंसूरी पिता मो. इलियास मंसूरी ने 444 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान अर्जित किया है। शैक्षणिक सत्र 2021-22 में कक्षा 10 वीं में विद्यार्थियों की दर्ज संख्या 10 हजार 45 थी, जिनमें हाईस्कूल परीक्षा में 9 हजार 848 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें 7285 विद्यार्थियों ने सफलता पाई। इस तरह जिले का परीक्षा परिणाम 73.97 प्रतिशत रहा। इसी तरह हायर सेकेण्डरी में विद्यार्थियों की दर्ज संख्या 6 हजार 596 थी, जिनमें हायर सेकेण्डरी परीक्षा में 6 हजार 535 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें 5 हजार 323 विद्यार्थियों ने सफलता पाई। इस तरह जिले का परीक्षा परिणाम 81.49 प्रतिशत रहा।

# कांग्रेस सेवादल के प्रदेश समन्वयक बने हर्षितेश्वर मणि तिवारी




ALL INDIA CONGRESS SEVA DAL

अनूपपुर/राजनगर। अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालजी देसाई जी के द्वारा मध्यप्रदेश की तरफ से सोशल मीडिया कैम्पेन और कंटेंट विभाग के प्रदेश समन्वयक की कमान हर्षितेश्वर मणि तिवारी जी को सौंपा गया है। विदित हो ही अब हर्षित के ही मार्गदर्शन में पूरे मध्यप्रदेश में सोशल मीडिया के लिए रणनीति और प्रसारण के लिए कंटेंट तैयार किए जाएंगे, जिसका लाभ आने वाले चुनावों में निश्चित रूप से कांग्रेस संगठन को मिलने वाला है। पूर्व में युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया विभाग के जिलाध्यक्ष रह चुके हर्षित को उनकी काबिलियत के मद्देनजर संगठन द्वारा यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। नियुक्ति पत्र जारी होने के साथ ही क्षेत्र के बधाई दाताओं का तांता लग गया है। समूचे क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाज सेवको, नेताओं द्वारा हर्षित को बधाई प्रेषित किया गया है।

# बनगवां के आंगनबाड़ी केंद्रों में लाडली उत्सव का किया गया शुभारंभ



अनूपपुर/राजनगर। प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण लाडली लक्ष्मी योजना अंतर्गत बाल विवाह रोकने एवं बालिकाओं की शिक्षा को प्रेरित करने हेतु महिला बाल विकास द्वारा 2 मई से 11 मई के बीच लाडली उत्सव मनाया जा रहा है इसी क्रम में सेक्टर बनगवां में 2 मई को लाडली उत्सव का शुभारंभ किया गया जिसमें आंगनबाड़ी केंद्रों में साज- सज्जा के साथ रंगोली एवं दीवार लेखन के माध्यम से लोगों को बालिका शिक्षा का संदेश दिया गया, पर्यवेक्षक बीनू द्विवेदी की उपस्थिति में आंगनबाड़ी केंद्र बनगवां 135 में महिलाओं एवं लाडली बालिकाओं के साथ लाडली उत्सव का शुभारंभ करते हुए लाडली लक्ष्मी योजना अन्तर्गत पात्रता एवम् योजना के लाभ के बारे में जानकारी दी गई एवम् बताया गया कि बालिकाओं को शिक्षित करना माता-पिता का प्रथम कर्तव्य होना चाहिए क्योंकि सशक्त एवं शिक्षित बालिका से ही सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है साथ ही कोई भी माता-पिता बालिका का विवाह 18 वर्ष आयु पूर्ण कर लेने पर ही करें। कार्यक्रम में नई जन्मी लाडली बालिकाओं को लाडली योजना के प्रमाण पत्र वितरण किये गए, प्रमाण पत्र प्राप्त करके माता पिता के चेहरे पर भी मुस्कान आई एवम् अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम में कार्यकर्ता सोमकुमारी सहायिका निर्मला कुशवाहा पर्यवेक्षक बीनू द्विवेदी एवम् वार्ड की किशोरी एवं लाडली बालिकाएं तथा माता-पिता उपस्थित रहे।



# JK लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड ने किया मजदूरों का सम्मान

अम्बिकापुर। JK लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड अंबिकापुर के द्वारा 1 मई (मजदूर दिवस) के अवसर पर क्षेत्र के सभी राजमिस्त्री एवं उपस्थित सभी मजदूर भाइयों को सम्मानित करते हुए मजदूर भाइयों के लिए नाश्ते एवम उपहार की भी व्यवस्था किया गया। जिसमें जेके लक्ष्मी सीमेंट अंबिकापुर ऑफिस के तकनीकी अधिकारी प्रवीण कुमार एवं अन्य अधिकारी पीयूष शर्मा व अंचल ठाकुर उपस्थित रहे।

# विधायक कमरो की पहल पर बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण हेतु राशि मंजूर


## ■50 लाख की लागत से 1 हजार 50 मीटर लंबी सड़क का होगा निर्माण

उमेश तिवारी/कोरिया। सविप्रा उपाध्यक्ष भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो की सराहनीय पहल पर राज्य शासन द्वारा मुख्य मार्ग से मौहारीपारा (चरवाही) तक पहुंच मार्ग हेतु 49 लाख 87 हजार रूपए की राशि मंजूर की गई है। विकास कार्यों के लिए निरंतर राशि स्वीकृत किए जाने पर विधायक ने मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और लोनिवि मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। सनद रहे कि 11 फरवरी को साल्ही सरपंच अमर सिंह के पुत्र के वैवाहिक कार्यक्रम में विधायक कमरो के शामिल होने के दौरान ग्रामीणों ने उनसे मिलकर बहुप्रतीक्षित उक्त सड़क निर्माण की मांग की थी जिसे सहर्ष स्वीकार करते हुए उन्होंने जल्द सड़क बनाए जाने का भरोसा दिलाया था। विधायक की पहल पर ढाई माह के भीतर उक्त सड़क निर्माण के लिए राशि मंजूर होने से क्षेत्र में हर्ष की लहर है। शासन द्वारा स्वीकृत की गई करीब 50 लाख की राशि से मुख्य मार्ग से मौहारीपारा (चरवाही) तक 1 हजार 50 मीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया जाएगा। विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि सड़क का निर्माण होने से लोगों को जहां आवागमन में सहूलियत होगी वहीं पक्की सड़क बनने से शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं भी तेजी से विकसित होंगी। विधायक ने कहा कि विकास कार्यों के लिए प्रदेश सरकार के पास पैसों की कोई कमी नहीं है। गाँव से लेकर शहर तक विकास की नदियां बह रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पूर्ववर्ती भाजपासरकार के राज में विकास कार्यों के लिए चक्कर काटने पड़ते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है। क्षेत्रवासियों की मांग पर सरकार द्वारा शीघ्र गौर कर उसे अमलीजामा पहनाया जा रहा है।जरूरतमंदों को हर बुनियादी सुविधाएं प्रमुखता से मुहैया कराई जा रही हैं। इससे प्रदेश केसंवेदनशील और ऊर्जावान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति जनता का विश्वास और गहराया है। क्षेत्रवासियों ने सड़क, पुल-पुलियों और मूलभूत सुविधाओं को सहर्ष उपलब्ध कराने वाले क्षेत्र के सक्रिय एवं कर्मशील विधायक गुलाब कमरो के प्रति आत्मीय आभार व्यक्त किया है।



# अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर राज्य मजदूर सभा द्वारा श्रमिकों का किया गया सम्मान





कोरिया। अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर राज्य मजदूर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जय प्रकाश गर्ग जी दिल्ली के निर्देश पर राज्य मजदूर सभा छत्तीसगढ़ द्वारा बैकुंठपुर के विश्राम गृह में मजदूर भाइयों को फूल माला के साथ सम्मान किया गया तथा उनका मुंह भी मीठा करवाया गया सभी मजदूर साथी अपने को सम्मानित पाकर बहुत ही खुश हुए, कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा सिंह बाबा, संभागीय संगठन मंत्री वरुण चक्रबर्ती, नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कोरिया राजू शर्मा, छ ग श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ कोरिया के जिलाध्यक्ष सुरेश मिनोचा, ब्लॉक अध्यक्ष उमेश तिवारी, पत्रकार दिलीप पांडे तथा मजदूर साथी कार्यक्रम में सम्मलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाये। सभी ने अपने संबोधन में मजदूर हित की बात कही तथा मजदूरी भुगतान में विलम्ब ना हो इसके लिए सरकार से भी ज्ञापन के माध्यम से निवेदन करने की बात हुई।

## प्रबुद्ध धम्म मित्र

आयुष्मान जितेंद्र मूलनिवासी जी आपको नमो बुद्धाय जय भीम, ज्ञान के प्रतीक मुक्तिदाता बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर की संकल्पनाओं का बौद्ध मय भारत का निर्माण

**धम्म और संविधान, जीवन का सम्पूर्ण समाधान:** पर आधारित धम्म भूमि श्रेष्ठ जीवन के संस्थापक श्रद्धेय भिक्खु डॉ करुणा शील राहुल जी के कुशल नेतृत्व में एक दिवसीय प्रशिक्षण / कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे आपको चुनिंदा व्यक्तित्व के रूप में आमंत्रित किया गया है। आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**स्थान:** रेलवे स्ट स्ख एसोसिएशन आफिस , रेल कोच फैक्ट्री, निशातपुरा, भोपाल MP ( SR} बस का लास्ट स्टॉप)

**दिनाँक :** 08.05.2022 रविवार

**समय:** सुबह 10.30 से

**संपर्क:** 9399139472 / 9340551865

# प्रहलाद सिंह पटेल ने किया राजा हिरदेशाह की प्रतिमा का अनावरण







मध्यप्रदेश- गुरुवार को केंद्रीय राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने नरसिंहपुर जिले के केरपानी गाँव में 1842 की बुंदेला क्रांति के महानायक राजा हिरदेशाह लोधी जी की अष्टधातु से बनी 11 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने की। प्रतिमा का अनावरण करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि मां नर्मदा के तट पर हम सबके लिए यह एक ऐतिहासिक पल है, जब इतिहास के महानायक राजा हिरदेशाह जी की भव्य मूर्ति के अनावरण का हम और आप सब इस पल के साक्षी बन रहे हैं, और हम आने वाली पीढ़ियों को यह बताएंगे कि हमने राजा हिरदेशाह को तो नहीं देखा लेकिन उनकी भव्य प्रतिमा की स्थापना के साक्षी रहे हैं। आप ही हैं जो उनकी महानता को अपने आने वाले बच्चों के सामने रखेंगे। क्योंकि इतिहास लिखने वालों ने उनके साथ न्याय नहीं किया। नरसिंहपुर मैं आजादी की लड़ाई करने वालों को नमन करता हूं क्रांतिकारी वीर सेनानी राजा हिरदेशाह लोधी के वंशजों से अंग्रेजों ने कहा कि माफी मांग लो सारी संपत्ति वापस कर देंगे पर उन्होंने अंग्रेजों से माफी नहीं मांगीद्य राजा के वंशज स्वाभिमानी है। जो अंग्रेजों के सामने नहीं झुके। मैं हर वर्ष 28 अप्रैल को केरपानी की नर्मदा तट पर स्थित सेनानी राजा हिरदे शाह लोधी की मूर्ति के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए आता रहूंगा। प्रतिमा स्थापित करने पर मैं अपने अनुज विधायक जालम सिंह पटेल को धन्यवाद देता हूं। मैं माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का हृदय से अभिनंदन करता हूं कि उन्होंने आजादी के अमृत महोत्सव में इस पवित्र काम का बीड़ा उठाया और गुमनाम बलिदानियों और स्वतंत्रता सेनानियों को देश के सामने लाने का काम किया। प्रधानमंत्री ने कहा था कि इतिहास के दस्तावेज़ों में गुम कर दिये गए बलिदानियों को स्मरण किये बिना आजादी का अमृत महोत्सव पूरा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि जब हम गुमनाम महाबलिदानियों को याद करेंगे, तभी अमृत महोत्सव भी अमर हो पाएगा। राजा हिरदेशाह के जीवन संघर्ष के कुछ किस्से सुनाते हुए उन्होंने कहा कि यह बेहद अफसोस और दुख की बात है कि राजा हिरदेशाह के वंशजों के पास आज भी कोई जमीन-जायदाद नहीं है। अमर शहीदों के बलिदान से हमें प्रेरणा लेते हुए, हमें अपनी गलतियों से सीखना होगा तभी हम अपने समाज और देश को मजबूती दे पाएंगे। हमारे युवा पीढ़ी को इतिहास की बारीकियों को जानने की आवश्यकता है। सन् 1842 की क्रांति के प्रणेता क्रांतिकारी राजा हिरदेशाह और अन्य बलिदानियों और क्रांतिकारियों के इतिहास और उनके त्याग तपस्या को जानने की आवश्यकता है।

## संपादकीय

### सौ से ज्यादा सीटें जीतने के बावजूद अपनी पार्टी को बचाने में सफल नहीं हो पा रहे हैं अखिलेश यादव



**उत्तर प्रदेश** में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ विपक्ष की लड़ाई की धार लगातार कुंद होती जा रही है। यूपी विधान सभा चुनाव से पहले जहां बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने बीजेपी के खिलाफ हथियार डाल दिए थे, वहीं चुनाव नतीजों में जनता ने कांग्रेस को नकार दिया। प्रियंका वाड्रा पर प्रदेश की जनता ने 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद 2022 के विधान सभा चुनाव में भी भरोसा नहीं किया। बल्कि कांग्रेस की हालत और भी पतली हो गई। पंजाब विधान सभा चुनाव में बड़ा धमाका करने वाली आम आदमी पार्टी यूपी में चारों खाने चित हो गई। ऐसे में थोड़ी बहुत उम्मीद सपा प्रमुख अखिलेश यादव से नजर आ रही थी कि वह अगले पांच वर्षों तक योगी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोले रहेंगे, क्योंकि उनकी सीटें बढ़ी थीं। सपा 2017 में 47 सीटें जीत पाई थी औरे इस बार उसने सौ से अधिक सीटों पर जीत दर्ज की लेकिन 111 विधान सभा सीटें जीतने के बाद भी अखिलेश अपनी पार्टी को बचा नहीं पा रहे हैं। जिस तरह से चुनाव के पहले मायावती और नतीजों के बाद प्रियंका वाड्रा गांधी दीनहीन नजर आ रही थीं, उसी प्रकार अब समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव बीजेपी के खिलाफ लड़ाई में काफी बौने नजर आ रहे हैं। उनके (अखिलेश) परिवार का विवाद सुलझने का नाम नहीं ले रहा है तो पार्टी के दिग्गज नेता एक के बाद अखिलेश की सियासी समझ पर सवाल खड़ा करके विद्रोह करते जा रहे हैं। विधान सभा चुनाव सम्पन्न हुए अभी दो महीने भी पूरे नहीं हुए हैं, लेकिन समाजवादी पार्टी में बगावत का हाल यह है कि ऐसा लग रहा है कि कल चुनाव होने वाला है और जिनको टिकट मिलने की उम्मीद नहीं है, वह पार्टी से किनारा करते जा रहे हैं। अखिलेश यादव लगातार क्यों नाकामयाब हो रहे हैं? जबकि सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव ने 2012 में जब अखिलेश यादव को सीएम की कुर्सी पर बैठाया था तो उनसे काफी उम्मीद थी। नेताजी को लग रहा था कि बेटा अखिलेश उनकी सियासी विरासत को आगे बढ़ाएगा। लेकिन अखिलेश ने सपा को आगे ले जाने की बजाए गर्दिश में डाल दिया है। अखिलेश 49 साल के होने को हैं। साल 2000 से किसी न किसी सदन के सदस्य बनते रहे हैं।

# धर्मनिरपेक्षता के असल मायनों को समझें, समाज में भेद पैदा करने वालों से सतर्क रहें

*हालांकि यह शब्द भारत के मूल संविधान का हिस्सा नहीं था। इसे इंदिरा गांधी के शासन काल में आपातकाल के दौरान जोड़ा गया था। इस शब्द के आने के बाद ही देश में तुष्टिकरण की राजनीतिक भावना ज्यादा जोर मारने लगी। यहां हम हिन्दू और मुस्लिम वर्ग को अलग-अलग देखने को प्रमुखता नहीं दे रहे हैं। और न ही ऐसा दृश्य दिखाने का प्रयास ही करना चाहिए। बात देश के समाज की है, जिसमें हिन्दू भी आता है और मुस्लिम भी। जब हम समाज के तौर पर चिंतन करेंगे तो स्वाभाविक रूप से हमें वह सब दिखाई देगा, जिसकी एक निरपेक्ष व्यक्ति से कल्पना की जा सकती है। लेकिन इसकी बजाय हम पूर्वाग्रह रखते हुए किसी बात का चिंतन करेंगे तो हम असली बातों से बहुत दूर हो जाएंगे। आज देश में यही हो रहा है।*

किसी भी देश के शक्तिशाली होने के निहितार्थ होते हैं। इन निहितार्थों का मन, वाणी और कर्म से अध्ययन किया जाए तो जो प्राकट्य होता है, वह यही प्रदर्शित करता है कि सबके भाव राष्ट्रीय हों, सबके अंदर एक दूसरे के प्रति सामंजस्य भाव की प्रधानता हो, लेकिन वर्तमान में समाज के बीच सामंजस्य के प्रयास कम और समाज के बीच भेद बनाने के प्रयास ज्यादा हो रहे हैं। जिसके चलते हमारी राष्ट्रीय अवधारणाएं तार-तार होती जा रही हैं। कौन नहीं जानता कि भारतीय समाज की इसी फूट के कारण भारत ने गुलामी के दंश को भोगा था। अंग्रेजों की नीति का अनुसरण करने वाले राजनीतिक दल निश्चित ही भारत के समाज में एकात्म भाव को स्थापित करने प्रयासों को रोकने का उपक्रम ही कर रहे हैं।

जो संभवतः भारत की बढ़ती शक्ति से परेशान हैं। समाज को ऐसे षड्यंत्रों को समझने का प्रयास करना चाहिए। लम्बे समय से भारत में इस धारणा को समाज में संप्रेषित करने का योजनाबद्ध प्रयास किया गया कि मुस्लिम तुष्टिकरण ही धर्मनिरपेक्षता है। इसी के कारण गंगा जमुना तहजीब की अपेक्षा केवल हिन्दू समाज से ही की जाती रही है। भारत का हिन्दू समाज पुरातन समय से इस संस्कृति को आत्मसात किए हुए है। तभी तो इस देश में सभी संप्रदाय के व्यक्तियों को पर्याप्त सम्मान दिया गया। यह सभी जानते हैं कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी अपने आपको धर्मनिरपेक्ष राजनीतिक दल मानती हैं और इन्हीं दलों ने मुस्लिम वर्ग का तुष्टिकरण करने की राजनीति की। इसके कारण देश में जिस प्रकार से वर्ग भेद खाई पैदा हुई, उससे आज का वातावरण पूरी तरह से प्रदूषित हो रहा है। अभी हाल ही में जिस प्रकार से रामनवमी और हनुमान जन्मोत्सव की शोभायात्राओं पर पत्थबाजी की गई, वह देश के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप की परिभाषा के दायरे में बिलकुल भी नहीं आता। धर्मनिरपेक्षता की सही परिभाषा यही है कि देश में धर्मों को समान दृष्टि से देखा जाए, लेकिन क्या देश में समाज के द्वारा सभी धर्मों को समान रूप से देखने की मानसिकता विकसित हुई है। अगर नहीं तो फिर धर्मनिरपेक्षता का कोई मतलब ही नहीं है। वस्तुतः धर्मनिरपेक्षता शब्द समाज में समन्वय स्थापित करने में नाकाम साबित हो रहा है, इसके बजाय वर्ग भेद बढ़ाने में ही बहुत ज्यादा सहायक हो रहा है।

हालांकि यह शब्द भारत के मूल संविधान का हिस्सा नहीं था। इसे इंदिरा गांधी के शासन काल में आपातकाल के दौरान जोड़ा गया था। इस शब्द के आने के बाद ही देश में तुष्टिकरण की राजनीतिक भावना ज्यादा जोर मारने लगी। यहां हम हिन्दू और मुस्लिम वर्ग को अलग-अलग देखने को प्रमुखता नहीं दे रहे हैं। और न ही ऐसा दृश्य दिखाने का प्रयास ही करना चाहिए। बात देश के समाज की है, जिसमें हिन्दू भी आता है और मुस्लिम भी। जब हम समाज के तौर पर चिंतन करेंगे तो स्वाभाविक रूप से हमें



**■ ऐसे में सवाल यह भी उठता है कि क्या वास्तव में शिवसेना अपने मूल उद्देश्य से भटक रही है, क्या उसे हिन्दुत्व नापसंद आने लगा है?**

वह सब दिखाई देगा, जिसकी एक निरपेक्ष व्यक्ति से कल्पना की जा सकती है। लेकिन इसकी बजाय हम पूर्वाग्रह रखते हुए किसी बात का चिंतन करेंगे तो हम असली बातों से बहुत दूर हो जाएंगे। आज देश में यही हो रहा है। आज का मीडिया अखलाक और तबरेज की घटना को भगवा आतंक के रूप में दिखाने का साहस करता दिखता है, लेकिन इन घटनाओं के पीछे का सच जानने का प्रयास नहीं किया जाता। संक्षिप्त रूप में कहा जाए तो इन दोनों की अनुचित क्रिया की ही समाज ने प्रतिक्रिया की थी, जो समाज की जाग्रत अवस्था कही जा सकती है, लेकिन यही मीडिया उस समय अपनी आंखों पर पट्टी बांध लेता है, जब किसी गांव से हिन्दुओं के पलायन की खबरें आती हैं। जब महाराष्ट्र के पालघर में दो संतों की पीट-पीट कर हत्या कर दी जाती है। इसी प्रकार महाराष्ट्र में हनुमान चालीसा पढ़ने की कवायद पर सांसद नवनीत राणा और उनके पति रवि राणा पर राष्ट्रद्रोह का प्रकरण दर्ज हुआ है। हो सकता है कि राणा दंपत्ति का तरीका गलत हो, लेकिन कम से कम भारत में हनुमान चालीसा पढ़ने को गलत तो नहीं ठहराया जा सकता। जब हम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात करते हैं तो हिन्दू समाज के व्यक्तियों की ओर से की गई जायज कार्यवाही को इस दायरे से बाहर क्यों रखा जाता है। क्या भारत में केवल उन्हीं स्वरों को अभिव्यक्ति की आजादी के दायरे में लाया जाना चाहिए, जो देश तोड़ने की बात करते हैं।

विसंगति तो यह है कि ऐसे स्वरों को राजनीतिक समर्थन भी मिल जाता है। महाराष्ट्र की घटना राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में इसलिए भी नहीं आ सकती, क्योंकि उनकी घोषणा सरकार के मुख्यालय पर हनुमान चालीसा पढ़ने की नहीं थी, वह तो एक समय हिन्दुत्व के केन्द्र रहे मातोश्री के बाहर ऐसा करने का प्रयास कर रहे थे। ऐसे में सवाल यह भी उठता है कि क्या वास्तव में शिवसेना अपने मूल उद्देश्य से भटक रही है, क्या उसे हिन्दुत्व नापसंद आने लगा है? वे बाबरी ढांचे को गिराने के बारे में सीना ठोककर यह दावा करते हैं कि यह हमने किया। लेकिन राम भक्त हनुमान की प्रशंसा में की जाने वाली कार्यवाही पर विराम लगाने का कार्य करते हैं। अब फिर से हम अपने मूल विषय पर आते हैं। आज कई लोग और राजनेता यह सवाल उठाते हैं कि हिन्दू उनके क्षेत्र से यात्रा क्यों निकालता है? यह सवाल इसलिए भी जायज नहीं कहा जा सकता है कि जब देश में सभी धर्मों के धार्मिक चल समारोह बिना किसी रोक टोक के किसी भी स्थान से निकाले जा सकते हैं, तब हिन्दू समाज की धर्म यात्राएं क्यों नहीं निकाली जा सकतीं। आज अगर वे अपने मोहल्ले से रोक रहे हैं, तब कल यह भी हो सकता है कि पूरे नगर में पत्थरबाजी करके रोकने का प्रयास करें। हो सकता है कि यह घटनाएं अभी छोटे रूप में प्रयोग के तौर पर हो रही हों, लेकिन कल के दिन जब इस प्रकार की घटनाएं बड़ा रूप लेंगी, तब स्थिति हाथ से निकल जाएगी और फिर एक नए पाकिस्तान का भी जन्म हो सकता है। इसलिए समाज के बीच लकीर खींचने वाले ऐसे किसी भी प्रयास का किसी भी वर्ग को समर्थन नहीं करना चाहिए। आज ऐसे प्रयासों की आवश्यकता है, जिससे समाज के बीच सामंजस्य स्थापित हो सके। इसके लिए सारे समाज को अपनी ओर से प्रयास करने चाहिए। आज हमें धर्मनिरपेक्षता के असली मायनों को समझने की आवश्यकता है। भारतीय समाज के सभी नागरिकों को एक दूसरे की खुशी में शामिल होकर ऐसा भाव प्रदर्शित करना चाहिए।

# दूसरी पारी में काफी बदले-बदले हुए नजर आ रहे हैं योगी आदित्यनाथ

**उत्तर प्रदेश** जिसकी कभी देश के पिछड़े राज्यों में गिनती हुआ करती थी। जातिवाद दंगा फसाद, मुस्लिम तुष्टिकरण की सियासत चरम पर रहती थी। वह राज्य पूरे देश को आइना दिखा रहा है। जातिवाद यहां कम हो गया है और धार्मिक उन्माद पर भी योगी सरकार ने लगाम लगा दी है। आज स्थिति यह है कि उत्तर प्रदेश में सभी को अपने धर्म का पालन करने की तो खुली छूट मिली हुई है, लेकिन उसके ऐसा करते समय किसी दूसरे को परेशानी ना हो इसका भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

इसीलिए प्रदेश में शांति पूर्ण ढंग से मंदिर मस्जिद से लाउडस्पीकर उतारे जा रहे हैं। मुस्लिम धर्मगुरुओं ने अब नई पहल करते हुए नमाजियों से ईद की नमाज ईदगाह और मस्जिद के



अंदर ही पढ़ने की अपील की है। कई प्रमुख धर्म गुरुओं ने सड़क पर नमाज नहीं अदा करने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे और लोगों को परेशानी होती है। सबसे बड़ी बात है कि यह सब बहुत शांतिपूर्वक तरीके से हो रहा है, जिस कारण विपक्ष इसे मुद्दा भी नहीं बना पाया है। प्रदेश में शांति का माहौल है। सभी धार्मिक आयोजन हर्षोल्लास के साथ मनाया मनाए जा रहे हैं, वहीं राजस्थान, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में कहीं लाउडस्पीकर पर विवाद हो रहा है, तो कहीं रामनवमी की शोभा यात्रा पर हमला। बहरहाल, जब देश के कुछ हिस्सों में धार्मिक स्थलों में लाउडस्पीकर को लेकर विवाद जारी है, तब उत्तर प्रदेश में उन्हें हटाने और उनकी आवाज नियंत्रित करने का काम काफी शांतिपूर्ण माहौल में हो रहा है। यह काम वह मुख्यमंत्री कर रहा है जिसके ऊपर हमेशा हिंदूवादी होने का आरोप लगता रहा है, लेकिन लाउडस्पीकर के मामले पर क्या हिंदू, क्या मुसलमान सभी योगी की वाहवाही कर रहे हैं। कहीं कोई टकराव नहीं है, कहीं कोई विरोध देखने को मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि इस अभियान को सभी समुदायों और उनके धर्मगुरुओं का सहयोग और समर्थन मिल रहा है। यह सच है कि योगी सरकार का लाउडस्पीकर विरोधी अभियान अदालती आदेशों के अनुपालन के क्रम में बिना किसी भेदभाव के चलाया जा रहा है, लेकिन यह भी सच्चाई है कि अन्य राज्यों की सरकारें यही काम सियासी गुणा भाग के चलते नहीं कर पा रहीं।

## अनुभवहीन बिलावल भुट्टो के विदेश मंत्री बनने से पाक राजनयिकों के बीच मायूसी का माहौल

**पाकिस्तान** की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर अली भुट्टो के बेटे बिलावल भुट्टो-जरदारी पाकिस्तान के अब तक के सबसे युवा विदेश मंत्री बन गये हैं। लेकिन पाकिस्तान के राजनयिकों और विदेश मामलों के विशेषज्ञों को भय है कि कहीं अनुभवहीन बिलावल भुट्टो पाकिस्तान की बची खुची अंतरराष्ट्रीय साख भी खत्म ना कर दें। हम आपको बता दें कि पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के 33 वर्षीय बेटे बिलावल ने इमरान खान सरकार में विदेश मंत्री रहे शाह महमूद कुरैशी का स्थान लिया है। बिलावल की महिला मित्र माने जाने वालीं हिना रब्बानी खार विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री बनाई गयी हैं। पहले से ही माना जा रहा था कि विदेश मंत्रालय पर बिलावल की नजर है लेकिन कुछ मुद्दे हल होना बाकी रह गये थे इसलिए बिलावल ने अपनी खास माने जाने वाली नेता हिना रब्बानी खार को विदेश मंत्रालय में राज्यमंत्री पद दिलवा दिया और कैबिनेट मंत्री पद रिक्त रखवा कर खुद लंदन चले



गये नवाज शरीफ से मुलाकात करने। खास बात यह है कि शाहबाज शरीफ के मंत्रिमंडल को शपथ दिलाने से पाकिस्तान के राष्ट्रपति ने इंकार कर दिया था लेकिन बिलावल को शपथ दिलाने के लिए वह राजी हो गये थे। बिलावल पाकिस्तान की तीन बार प्रधानमंत्री रहीं दिवंगत बेनजीर भुट्टो के पुत्र हैं। पहले से ही माना जा रहा था कि बिलावल ही अपनी मां के राजनीतिक उत्तराधिकारी होंगे लेकिन बेनजीर की हत्या के बाद उपजी परिस्थितियों में पहले बेनजीर के पति आसिफ अली जरदारी ने पार्टी और देश की कमान संभाली और फिर खुद विदेश में बसकर अपने बेटे को अगो कर दिया।

# विधायक गुलाब कमरो ने कटगोड़ी में 1 करोड़ 87 लाख के नवीन विद्युत उपकेंद्र का किया लोकार्पण

विधायक ने लटमा, सुंदरपुर,पुश्ला,भरहीडीह में लगाई जन चौपाल, 1 करोड़ राशि से ज्यादा विकास कार्यो का भुमिपूजन व लोकार्पण किया सविप्रा उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो गुरूवार को सोनहत विकासखण्ड में अपने एक दिवसीय दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया तथा चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं वहीं सघन जनसंपर्क कर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी प्रदान की। विधायक गुलाब कमरो ने ग्राम भरहीडीह में 7 लाख की लागत से बनने वाले पुलिया निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया। इसी क्रम में उन्होंने ग्राम पंचायत दामुज के केराझरिया में 5 लाख की लागत से सीसी सड़क निर्माण, ग्राम पंचायत पुसला में 5 लाख की लागत से पुलिया निर्माण, 5 लाख की लागत से बाउंड्रीवाल



एवं 10 लाख की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। वहीं उन्होंने ग्राम पंचायत कटगोड़ी में मिनी पावर हाउस का शुभारंभ किया साथ ही ग्राम पंचायत सुंदरपुर में 77 लाख 78 हजार की लागत से निर्मित सड़क, ग्राम पंचायत बसवाही में 223.104 लाख की लागत से मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत निर्मित केशगवां से बसवाही व्याहा सोनारी सड़क एवं 74.994 लाख की लागत से मुख्य सड़क से सुंदरपुर पटेलपारा बस्ती तक निर्मित सड़क का लोकार्पण किया। विधायक कमरो ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक ग्रामों में हर बुनियादी जरूरतों को ध्यान में रखकर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। राज्य सरकार से राशि स्वीकृत कराकर क्षेत्र का विकास कराने हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। शहर की तर्ज पर गाँवों के विकास की ओर प्रदेश सरकार का विशेष ध्यान है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य ज्योत्सना राजवाड़े, जनपद पंचायत सोनहत अध्यक्ष लल्ली सिंह, उपाध्यक्ष गुलाब चंद्र चौधरी, बसवाही सरपंच सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व ग्रामीण जन उपस्थित रहे। विधायक ने गाँव में लगाई चौपाल क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं के निराकरण के लिए कृतसंकल्पित विधायक गुलाब कमरो शरीर को झलसा देने वाली गर्मी में भी समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने में लीन हैं।

# चेक क्लोनिंग मामले में 2 अन्य और हुए गिरफ्तार




**कोरिया।** जिले के कलेक्ट्रेट स्थित नाजारत शाखा से चेक क्लोनिंग कर एक करोड़ से अधिक की राशि का फर्जीवाड़ा करने के मामले में पुलिस ने घटना में शामिल दो आरोपियों को बिहार से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली है। प्रकरण से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। मामले में पुलिस ने पहले भी 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 अप्रैल 2022 को प्रार्थी संयुक्त कलेक्टर अनिल कुमार सिदार निवासी कलेक्टर कार्यालय बैकुण्ठपुर जिला कोरिया( छ.ग.) थाना आकर लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 22 मार्च 2022 से 13 अप्रैल 2022 के बीच कलेक्टर कार्यालय कोरिया के नाजारत शाखा के लगभग 21 चेकों को क्लोनिंग कर अलग-अलग राशि का चेक मुम्बई स्थित विभिन्न बैंक के ब्रांच में कोर बैकिंग के द्वारा चेक क्लीयरिंग कराकर लगभग एक करोड़ उन्नतीस लाख रूपये कुट रचना कर आहरण कर लिया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। प्रकरण की विवेचना में जिले के पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर के कुशल निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह तथा उप पुलिस अधीक्षक नेल्शन कुजूर मुख्यालय बैकुण्ठपुर के कुशल मार्गदर्शन में टीम गठित कर तत्काल दिल्ली, मुम्बई तथा पटना बिहार रवाना किया गया था। पूर्व मे पुलिस टीम द्वारा 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। प्रकरण की विवेचना में लगातार आरोपियों की तलाश पतासाजी के दौरान 1 मई 2022 को फिर से 2 आरोपी अजमत ताज पिता मो. फकरुद्दीन ताज़ उम्र 35 वर्ष निवासी मलिकियाना मोहल्ला, थाना फुलवारी सरीफ जिला पटना (बिहार) और नगमी परवीन पति अजमत ताज उम्र 25 वर्ष निवासी मलिकियाना मोहल्ला थाना फुलवारी सरीफ जिला पटना (बिहार) दोनो पति-पत्नि (बंटी और बबली) को पटना बिहार से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

# गोवंश की हत्या के आरोपितों के चार मकानों पर चलाया बुलडोजर

**रायसेन।** रायसेन तहसील के इमलिया सेवासनी में गोवंश की हत्या के आरोपितों के चार मकानों पर प्रशासन व पुलिस ने शुक्रवार को बुलडोजर चलाकर तोड़ दिया। पिछले दिनों गोवंश हत्या के आरोप में पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। लोगों के आक्रोश को देखते हुए प्रशासन ने आरोपितों के मकानों को तोड़ने की कार्रवाई। तहसीलदार अजयप्रताप सिंह ने बताया कि लगातार गोवंश हत्या की शिकायतें मिल रहीं थीं। आरोपितों को पूर्व में गिरफ्तार किया गया है। आरोपितों के जिन मकानों में गोवंश के अवशेष मिले थे उन मकानों को चिंहित करते हुए आज उन्हें तोड़ने



की कार्रवाई की गई है। प्रशासनिक अमला ने दो जेसीबी मशीनों की मदद से सुबह से मकानों को तोड़ने की कार्रवाई शुरू करके शाम तक संपन्ना कर दी। इस दौरान गांव में बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। इधर, स्वास्थ्य मंत्री डा. प्रभुराम चौधरी ने आज दोपहर में सांची जनपद के ग्राम सेवासनी पहुंचकर पेड़ के नीचे बैठकर ग्रामीणों के साथ बातचीत की है। गत दिनों गोवंश की हत्या के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा की। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिस व्यक्ति द्वारा इस घटना के संबंध में सर्वप्रथम सूचना दी गई थी, उसे जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। डा. चौधरी ने ग्रामीणों से कहा कि किसी भी दोषी व्यक्ति को छोड़ा नहीं जाएगा। किसी को कानून अपने हाथ में लेने की जरूरत नहीं है।

# सांची को सोलर सिटी बनाने प्रत्येक घर को सौर ऊर्जा से जोड़ेंगे



**रायसेन।** ऊर्जा साक्षरता अभियान, ऊर्जा बिजली बचत का अभियान है। इस अभियान से प्रत्येक व्यक्ति को जोड़ना है, उनमें ऊर्जा के व्यय एवं अपव्यय की समझ विकसित करना है। जिससे वह ऊर्जा संरक्षण के प्रति साक्षर और जागरूक हों तथा आवश्यकतानुसार ही ऊर्जा का उपयोग करें। यह बात मप्र ऊर्जा विकास निगम के एमडी करमवीर शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित सांची सोलर सिटी तथा ऊर्जा साक्षरता अभियान के संबंध में आयोजित बैठक में कही। बैठक में कलेक्टर अरविन्द कुमार दुबे ने सांची को सोलर सिटी बनाने हेतु अब किए गए कार्यों तथा ऊर्जा संरक्षण हेतु किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया।

## मुख्यमंशी की मंशा से अवगत कराया

बैठक में एमडी शर्मा ने कहा कि वर्तमान परिदृष्य में जलवायु परिवर्तन के पर्यावरणीय दुष्प्रभाव वैश्विक स्तर पर परिलक्षित हो रहे हैं। यह आवश्यक है कि प्रत्येक व्यक्ति को ऊर्जा के व्यय और अपव्यय सम्बन्धित प्राथमिक जानकारी हो। इसके लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशानुरूप ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए राज्य सरकार द्वारा ऊर्जा साक्षरता अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के माध्यम से लोगों को सौर ऊर्जा और ऊर्जा की बचत के विषय में जानकारी दी जा रही है।

**शासकीय कार्यालयों का कराएं एनर्जी आडिट:** एमडी शर्मा ने सभी अधिकारियों से कहा कि समय की मांग है कि सौर ऊर्जा को बढ़ावा दिया जाए। मुख्यमंत्री चौहान द्वारा भी निर्देश दिए गए हैं कि शासकीय कार्यालयों में मितव्ययिता के साथ ऊर्जा का उपयोग किया जाए।





















# लखनऊ की सड़कों पर घूमते नजर आए कार्तिक आर्यन

## शर्मा टी स्टॉल पर ली चाय की चुस्कियां

**मुंबई।** तहजीब का शहर लखनऊ इन दिनों बॉलीवुड सेलिब्रिटीज की पहली पसंद बना हुआ है। किसी फिल्म की शूटिंग करनी हो या फिर प्रमोशन पहुंच जाते हैं नवाबों के शहर में। हालांकि अब नवाब तो रहे नहीं, लेकिन उनकी बनाई खूबसूरत निशानियां आज भी वहां मौजूद हैं जो शूटिंग के लिए सेलेब्स की फेवरेट जगह बनती जा रही हैं। हाल ही में बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन अपनी बहुचर्चित फिल्म भूलभुलैया 2 के प्रमोशन के लिए लखनऊ पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने सबसे पहले चाय की चुस्की ली है। सोमवार को कार्तिक आर्यन लखनऊ के मशहूर लालबाग स्थित शर्माजी की चाय की दुकान पर पहुंचे। यहां वह चाय की चुस्कियां लेते नजर आए। चाय के साथ में उन्होंने लखनऊ का मशहूर नाश्ता बन मक्खन भी खाया। बता दें कि एक दिन पहले भी एयरपोर्ट पर उनकी तस्वीरें वायरल हुई थीं। कार्तिक को अपने बीच देखकर फैंस बहुत खुश हुए और उन्होंने कार्तिक के साथ खूब सेल्फी ली। बता दें कि कार्तिक आर्यन फिल्म के सिलसिले कई बार लखनऊ आ चुके हैं। इससे पहले वह इस जगह पर पति, पत्नी और वो की शूटिंग के लिए अनन्या पांडे के साथ पहुंचे थे। इससे पहले वह भूल भुलैया 2 की शूटिंग के लिए राजधानी में करीब 20 दिन थे। फिल्म की शूटिंग लखनऊ और महिलाबाद में पूरी हुई है। कोरोना की वजह से बीच में फिल्म की शूटिंग रुक गई थी। भूल भुलैया 20 मई को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। कियारा आडवाणी और कार्तिक आर्यन की इस फिल्म में दोनों के अलावा तब्बू और राजपाल यादव भी हैं। कुछ दिनों पहले रिलीज हुए इसके ट्रेलर के बाद से तो दर्शक फिल्म का बेताबी से इंतजार कर रहे हैं। लगभग सभी को फिल्म का ट्रेलर काफी पसंद आया है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन रूह बाबा के अतरंगी अवतार में तो वहीं कियारा आडवाणी मंजुलिका की भूमिका में नजर आएंगी।



# अवतार-2 के दम पर डॉक्टर स्ट्रेंज 2 ने तोड़ा स्पाइडर-मैन का रिकॉर्ड, चीन में खड़ा हुआ नया विवाद

मार्वल की आने वाली फिल्म डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस ने रिलीज से पहले ही बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ दिया है। बेनेडिक्ट कंबरबैच और एलिजाबेथ ओल्सन-स्टारर फिल्म ने केवल एडवांस बुकिंग में ही 20 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। अब इस फिल्म के रिलीज होने में केवल चार दिन का समय बचा है। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि फिल्म केवल एडवांस बुकिंग से ही 30 करोड़ रुपये की कमाई कर लेगी। वैसे तो डॉक्टर स्ट्रेंज 2 ने एडवांस बुकिंग के मामले में स्पाइडर-मैन- नो वे होम को पछाड़ दिया है। लेकिन डॉक्टर स्ट्रेंज, स्पाइडर-मैन या एवेंजर्स की सीरीज की जितनी लोकप्रिय नहीं हैं। ट्रेड एनालिस्ट का मानना है कि डॉक्टर स्ट्रेंज 2 के साथ ही अवतार-2 के ट्रेलर को लॉन्च करने के निर्णय ने बेनेडिक्ट कंबरबैच की फिल्म को फायदा पहुंचाया है। हालांकि इंडस्ट्री के विशेषज्ञ अब भी इस बात को मानने के लिए तैयार नहीं हैं कि डॉक्टर स्ट्रेंज 2 अपने पहले दिन एवेंजर्स की सीरीज की कमाई के आंकड़े को पार कर पाएगी।





## चीन में विवाद

मार्वल के बहुप्रतीक्षित सीक्वल डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस के एक दृश्य ने चीन में एक नए विवाद को जन्म दे दिया है। डेडलाइन की रिपोर्ट के अनुसार, बेनेडिक्ट कंबरबैच और एलिजाबेथ ओल्सन स्टारर फिल्म के शुरुआती दृश्य पर चीन के स्थानीय लोगों ने आपत्ति दर्ज कराई है। इस दृश्य में द एपोच टाइम्स, एक अंतरराष्ट्रीय मल्टी-लैंग्वेज न्यूजपेपर और मीडिया कंपनी को दिखया गया है, जो चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का विरोधी है।

## चीन में बैन हो चुकी हैं ये मार्वल फिल्में

डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस को मध्य पूर्वी देशों में समलैंगिक चरित्र के कारण प्रतिबंधित कर दिया गया है। वहीं अब इसके चीन में भी बैन होने की बात हो रही है। बता दें कि चीन ने इससे पहले भी कई फिल्मों को रिलीज़ की मंजूरी नहीं दी है, जिसमें इटरनल, शांग-ची, ब्लैक विडो और स्पाइडर-मैन- नो वे होम जैसे नाम शामिल हैं। यानी 2019 की एवेंजर्स- एंडगेम के बाद से चीन में कोई मार्वल फिल्म रिलीज नहीं हुई है।

# मिथुन चक्रवर्ती अस्पताल के बेड पर बेहोशी की हालत में दिखे





बॉलीवुड के डिस्को डांसर मिथुन चक्रवर्ती की हेल्थ को लेकर बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। जानकारी के मुताबिक अभिनेता को हाल ही में बेंगलुरु के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस खबर के सामने आते ही मिथुन के प्रशंसक परेशान हो गए हैं। हॉस्पिटल के बेड पर लेटे हुए अभिनेता की एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इस वायरल तस्वीर को देख अभिनेता के हेल्थ को लेकर तरह-तरह की अफवाहें भी उड़नी शुरू हो गई हैं।

### सामने आया मिथुन के बेटे का बयान

मीडिया से बातचीत के दौरान अभिनेता के बेटे मिमोह चक्रवर्ती ने वायरल हो रही तस्वीर का सच बताया है। मिमोह ने बताया कि मिथुन, किडनी में स्टोन से पीड़ित थे। जिसके चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यह वायरल तस्वीर अस्पताल की ही है, जिसमें वह बेहोशी की हालत में बेड पर लेटे हुए हैं। हालांकि अब उनकी सेहत ठीक है और वह अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद घर पर आराम कर रहे हैं। मिथुन चक्रवर्ती का हेल्थ अपडेट सामने आने के बाद अब उनके लाखों प्रशंसक ने राहत की सांस ली है। सभी अभिनेता के जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। बीजेपी के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अनुपम हजरा ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बॉलीवुड के डिस्को डांसर की तस्वीरें साझा कर उनके जल्दी ठीक होने की दुआ की है।

# 10 करोड़ डॉलर के मानहानि केस में जीतीं किम कर्दाशियन



किम कर्दाशियन और ब्लाक चीना के बीच चल रही कानूनी लड़ाई को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। एक्ट्रेस ने 10 करोड़ डॉलर के मानहानि केस को जीत लिया है। इस केस में जज ने शुक्रवार को फैसला सुनाते हुए कहा कि इस बात के कोई सबूत नहीं मिले हैं कि किम ने चीना को बदनाम करने कोशिश की है। इसलिए उन पर मानहानि की कार्रवाई खारिज की जाती है। अदालती दस्तावेजों के अनुसार, कर्दाशियन-जेनर परिवार ने कोर्ट से मुकदमे को खारिज करने का अनुरोध किया था। परिवार के मुताबिक, ब्लाक चीना ने न तो किम कर्दाशियन द्वारा कथित रूप से बदनाम करने वाले बयान की तस्दीक की थी और न ही किसी अन्य ने उन पर विवादित बयान देने की पुष्टि की थी इन दलीलों के साथ परिवार ने अदालत से मांग की थी कि इन बातों पर गौर करने के बाद उन पर चल रहे मुकदमे को खारिज कर देना चाहिए।

# कटरीना कैफ से शादी के बाद विक्की कौशल की जिंदगी में आया बदलाव?

विक्की कौशल और कटरीना कैफ बॉलीवुड इंडस्ट्री के पावर कपल हैं। दोनों ने अपने रिश्ते को शादी तक दुनिया की नजरों से हमेशा छिपाकर रखा था। बीते साल कटरीना और विक्की ने सात फेरे लेकर अपनी शादीशुदा जिंदगी की शुरुआत की। दोनों सोशल मीडिया के जरिए एक-दूसरे से प्यार जताते रहते हैं। लेकिन अब विक्की कौशल ने पहली बार अपनी पत्नी कटरीना कैफ के बारे में बात की है।

अभिनेता ने बताया है कि वह अपनी पत्नी से बहुत कुछ सीख रहे हैं। दरअसल विक्की कौशल ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया, जिसमें उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में खुलकर बात की। इस दौरान अभिनेता ने खुद को भाग्यशाली भी बताया।



विक्की कौशल ने कहा, मेरे जीवन के हर पहलू में कटरीना का बहुत प्रभाव है। मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मुझे उनमें एक जीवन साथी मिला क्योंकि वह एक अत्यंत बुद्धिमान और दयालु व्यक्ति हैं। मैं उनसे हर दिन बहुत कुछ सीखता हूं। बीते दिनों कटरीना कैफ ने सोशल मीडिया पर अपने बचपन की एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की थी, जिस पर अभिनेता ने भी तुरंत कमेंट करते हुए कटरीना के लिए प्यार जाहिर किया। इस तस्वीर में कटरीना प्रकृति का आनंद लेती हुई दिखी थीं। इस तस्वीर के कमेंट में विक्की कौशल ने हार्ट इमोटिकॉन शेयर किया। विक्की का ये अंदाज फैंस को खूब पसंद आया था, जिस वजह से फैंस ने कपल की खूब तारीफ की। विक्की कौशल के वर्क फ्रंट की बात करें तो अभिनेता ने हाल ही में अपनी अनटाइटल्ड फिल्म की शूटिंग का शेड्यूल पूरा कर लिया है। इस फिल्म का निर्देशन आनंद तिवारी कर रहे हैं। इसके अलावा, वह मेघना गुलजार की फिल्म 'सैम बहादुर', मेरा नाम गोविंदा द इम्मॉर्टल अश्वत्थामा मिस्टर ले ले जी ले जरा जैसी फिल्मों में नजर आने वाले हैं।

विमान हादसाः डीजीसीए ने की सख्त कार्रवाई

# विमान रखरखाव इंजीनियर और इंचार्ज को ड्यूटी से हटाया



① 3 यात्रियों को आई चोट के मामले में डीजीसीए ने की कार्वाई

*नई दिल्ली। स्पाइसजेट एयरलाइंस की मुंबई-दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल) विमान में 13 यात्रियों को आई चोट के मामले में डीजीसीए ने कार्रवाई की है। डीजीसीए ने इस मामले में विमान रखरखाव इंजीनियर और स्पाइसजेट के रखरखाव नियंत्रण केंद्र के प्रभारी को हटा दिया है जिसने पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर से विमान को उड़ने की अनुमति दी थी। बता दें कि रविवार को स्पाइसजेट एयरलाइन की मुंबई-दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल) उड़ान को हवाईअड्डे पर उतरते समय गंभीर वायुमंडलीय विक्षोभ का सामना करना पड़ा था। सोमवार को सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा गया कि इस उड़ान में यात्रा कर रहे 13 लोगों को गंभीर चोटें आई हैं और डाइरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने इस मामले की जांच के आदेश दे दिए थे।*

### हवाईअड्डे पर उतरते समय हादसा

स्पाइसजेट के विमान बोईंग बी737 ने मुंबई से पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर स्थित काजी नजरुल इस्लाम एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरी थी। जब यह विमान लैंड करने वाला था तभी गंभीर वायुमंडलीय विक्षोभ में फंस गया। इस दौरान विमान को लगे झटके से केबिन में रखे सामान यात्रियों के ऊपर आ गिरे, जिससे यात्रियों को सिर में चोटें आई। लैंडिंग के बाद घायल यात्रियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि तीन केबिन क्रू सदस्य भी इसमें घायल हुए हैं।

### घायल यात्री ने बताई आपबीती

स्पाइसजेट की इस उड़ान में मौजूद रहे एक घायल यात्री अकबर अंसारी ने बताया कि इस पूर हादसा बेहद खराब मौसम के कारण हुआ था। उड़ान दुर्गापुर एयरपोर्ट पर लैंड करने वाली थी जब विमान विक्षोभ में फंस गया। अंसारी ने कहा कि ये बहुत बुरा अनुभव था।

### स्पाइसजेट एयरलाइन ने जताया खेद

इस पूरे मामले में विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने खेद जताया है। स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने कहा कि एक मई को स्पाइसजेट का बोइंग बी737 विमान मुंबई से दुर्गापुर की उड़ान एसजी-945 संचालित करने के दौरान हवाईअड्डे पर उतर रहा था, तभी उसे समय गंभीर वायुमंडलीय विक्षोभ का सामना करना पड़ा, जिसके चलते दुर्भाग्यवश कुछ यात्रियों को चोटें आई।

### आठ घायलों को अस्पताल से छुट्टी

स्पाइजेट के प्रवक्ता ने सोमवार को दिए अपने बयान में बताया कि इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए 11 यात्रियों को विमान लैंड होने के तत्काल बाद इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इनमें से आठ घायलों को छुट्टी दे दी गई है। प्रवक्ता ने बताया कि जिस समय खराब मौसम के चलते ये हादसा हुआ, उस समय सीटवेल्ट साइन ऑन था।

# शेयर बाजार लाल निशान पर बंद, सेंसेक्स 85 अंक टूटा



नई दिल्ली। सप्ताह के पहले कारोबार दिन सोमवार को शेयर बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई और दिनभर के कारोबार के बाद दोनों इंडेक्स लाल निशान पर बंद हुए। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 85 अंक या 0.15 फीसदी की गिरावट के साथ 56,976 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी सूचकांक 33 अंक या 0.20 फीसदी फिसलकर 17,069 के स्तर पर बंद हुआ।

### हरे निशान पर हुई थी शुरुआत

*इससे पहले कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच बीएसई का सेंसेक्स सूचकांक 483 अंक या 0.85 फीसदी की गिरावट के साथ 56,577 के स्तर पर खुला था, जबकि निफ्टी सूचकांक ने 145 अंक या 0.85 फीसदी फिसलकर 17 हजार के नीचे 16,958 के स्तर पर कारोबार शुरू किया था। कारोबारी दिन के दौरान सेंसेक्स 631 अंक तक टूटा था।*

### शुक्रवार को 460 अंक टूटा था सेंसेक्स

*बीते कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शुक्रवार को बाजार बढ़त के साथ खुलकर अंत में लाल निशान पर बंद हुआ था। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स सूचकांक 460 अंक या 0.80 फीसदी की गिरावट के साथ 57,061 के स्तर पर बंद हुआ था, जबकि एनएसई का निफ्टी सूचकांक 142 अंक या 0.83 फीसदी फिसलकर 17,102 के स्तर पर बंद हुआ था।*



## होम-कार लोन लेने वालों को तोहफाः बैंक ऑफ बड़ौदा ने ब्याज दरों में की कटौती

*नई दिल्ली। बैंक ऑफ बड़ौदा ने सोमवार को अपने ग्राहकों को बड़ा तोहफा दिया। दरअसल, बैंक की ओर से एलान किया गया कि होम और कार लोन लेने वालों के लिए वार्षिक आधार पर ब्याज दर को क्रमशः 6.50 फीसदी और सात फीसदी कर दिया गया है। यानी अब होम-कार लोन पर कम ब्याज देना होगा। बैंक ने ब्याज दरों में कमी करने की घोषणा करते हुए कहा कि यह सुविधा सीमित समय के लिए है और 30 जून 2022 तक लागू रहेगी। इस संबंध में जारी की गई एक रिपोर्ट में बताया गया कि बैंक ऑफ बड़ौदा ने सोमवार को सीमित अवधि के लिए कार लोन पर ब्याज दरों को घटाकर 7.25 प्रतिशत से 7 प्रतिशत कर दिया है। नई कार की खरीद के लिए रियायती प्रोसेसिंग चार्ज के साथ सात प्रतिशत प्रति वर्ष से शुरू होने वाली नई दर लागू होगी। एक बयान में, बैंक ने आगे कहा कि उसने 30 जून, 2022 तक सीमित अवधि के लिए प्रोसेसिंग शुल्क को भी घटाकर 1,500 रुपये (प्लस जीएसटी) कर दिया गया है।*

# अक्षय तृतीया से पहले टूटा सोने का भाव, चांदी भी हुई सस्ती

**नई दिल्ली।** आभूषण खरीदने का मन बना रहे हैं तो आज आपके पास बेहतरीन मौका है। लेकिन, घर से निकलने से पहले कीमती धातुओं के ताजा भाव जानना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। सोमवार को एमसीएक्स पर सोने और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। सोने की कीमत 1.08 फीसदी घटकर 51,195 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गई, जबकि चांदी के दाम में 1.63 फीसदी की कमी आई और इसका भाव कम होकर 63,301 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया। गौरतलब है कि अक्षय तृतीया के मौके पर सोना खरीदना शुभ माना जाता है, ऐसे में सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट राहत देने वाली है। बता दें कि देश भर में सोने के आभूषणों की कीमत उत्पाद शुल्क, राज्य करों और मेकिंग चार्ज के कारण बदलती रहती है। आप अपने



शहर सोने की कीमत मोबाइल पर भी चेक कर सकते हैं। इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के मुताबिक आप सिर्फ 8955664433 नंबर पर मिस्ड कॉल देकर प्राइस चेक कर सकते हैं। आप जिस नंबर से मैसेज करते हैं उसी नंबर पर आपके मैसेज आ जाएगा। इस तरह आप घर बैठे सोने के लेटेस्ट रेट जान लेंगे।

# एचडीएफसी ग्राहकों को झटकाः होम लोन पर ब्याज दर में पांच बेसिस प्वाइंट की वृद्धि, अब ज्यादा भरनी होगी ईएमआई

**नई दिल्ली।** एसबीआई और एक्सिस बैंक के बाद अब एचडीएफसी बैंक ने भी अपने ग्राहकों को तगड़ा झटका दिया है। अगर आपने इस बैंक से होम लोन लिया है, तो फिर ये खबर आपके लिए ही है। दरअसल, बैंक ने खुदरा प्राइम उधार दर (आरपीएलआर) में पांच बेसिस प्वाइंट की बढ़ोतरी की है। इस वृद्धि के बाद ग्राहकों के लिए होम लोन की दरों में वृद्धि हो जाएगी। एचडीएफसी की वेबसाइट पर मुहैया जानकारी के अनुसार, नई दरें एक मई 2022 से लागू मानी जाएंगी।

### नए ग्राहकों पर कोई असर नहीं

गौरतलब है कि एचडीएफसी बैंक की ओर से की गई ब्याज दरों में बढ़ोतरी का असर इस बैंक से होम लोन ले चुके ग्राहकों पर होगा और




उनकी ईएमआई का बोझ बढ़ जाएगा। जबकि, नए ग्राहकों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। नए ग्राहकों के लिए कर्ज की दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई। उनके लिए ब्याज दर कर्ज की राशि और अवधि के हिसाब से 6.70 से 7.15 फीसद तक रहेगी।

### बदलाव के बाद नई दरें इस प्रकार

एचडीएफसी बैंक की ओर से संशोधित रिटेल प्राइम लेंडिंग रेट के बारे में साझा की गई जानकारी के मुताबिक, अब 30 लाख तक के लोन के लिए 6.85 फीसदी, 30.01 लाख से 75 लाख तक के लोन के लिए 7.10 फीसदी और 75.01 लाख रुपये तक और अधिक के ऋण के लिए 7.20 फीसदी की दर लागू होगी। बता दें कि एचडीएफसी का यह कदम बीते दिनों एसबीआई, एक्सिस बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक द्वारा लोन महंगाई किए जाने के बाद उठा है। बीत दिनों भारतीय स्टेट बैंक और एक्सिस बैंक ने भी क्रमशः एमसीएलआर में 10 बेसिस प्वाइंट और पांच बेसिस प्वाइंट का इजाफा किया था।

# भारत में बेरोजगारी दर में हुआ इजाफा, अप्रैल में बढ़कर 7.83 फीसदी हुई

**नई दिल्ली।** एक ओर जहां देश में अर्थव्यवस्था तेजी से रिकवर कर रही है और देश का जीएसटी कलेक्शन नए मुकाम पर पहुंच रहा है, तो वहीं दूसरी ओर देश में बेरोजगारी की समस्या कम होने के बजाय लगातार बढ़ती जा रही है। इस बात का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अप्रैल महीने देश की बेरोजगारी दर बढ़कर 7.83 फीसदी पर पहुंच गई। गौरतलब है कि इससे पिछले महीने यानी मार्च में देश में बेरोजगारी दर 7.60 फीसदी थी। सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों में ये बात सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अप्रैल महीने के दौरान भी बेरोजगारी में इजाफे के मामले में शहरी क्षेत्र आगे रहा है।



मतलब, शहरों के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी घटी है। आंकड़ों के मुताबिक, शहरों में बेरोजगारी दर मार्च के 8.28 फीसदी से बढ़कर 9.22 फीसदी हो गई है। वहीं ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी दर मार्च के 7.29 फीसदी से कम होकर अप्रैल में 7.18 फीसदी पर आ गई है।

### सुस्त मांग और महंगाई का असर

सीएमआईई के अनुसार, देश के विभिन्न राज्यों की बात करें तो हरियाणा में बेरोजगारी दर सबसे ज्यादा रही। जबकि दूसरे नंबर पर राजस्थान का नाम आता है। हरियाणा में यह 34.5 फीसदी और राजस्थान में 28.8 फीसदी दर्ज की गई है।


**आवश्यकता**

युवा प्रदेश नेटवर्क

*मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।*

**युवा प्रदेश नेटवर्क,**
प्रधान संपादक–नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204


स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)